उज्जैन
गुरुवार
28
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-204
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



शादी के 10 साल बाद मां बनीं दिव्यांका त्रिपाठी... 41 की उम्र में जुड़वा बेटों को जन्म दिया, अनाउंस कर लिखा- मेरे करण-अर्जुन आ गए



## पीएम मोदी ने देशवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।



पीएम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- सभी को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं। यह पावन अवसर समाज में भाईचारे और खुशियों की भावना को और मजबूत करे। सभी की सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की कामना है। बकरीद पर सभी राज्यों की प्रमुख ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की जा रही है। भोपाल, कोयंबटूर, जयपुर, कोलकाता समेत कई शहरों में बड़ी तादाद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज के बाद एक-दूसरे को मुबारकबाद दी।

## त्रिपुरा में बारिश और आंधी का कहर, 61 घर क्षतिग्रस्त

**अगरतला।** पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में पिछले 48 घंटों से जारी भारी बारिश और तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राज्य के अलग-अलग इलाकों में बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण कम से कम 61 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रशासन ने लोगों को अगले 24 घंटों तक सतर्क रहने की सलाह दी है क्योंकि मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में फिर से बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है। पुलिस और राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार मृतक की पहचान 32 वर्षीय सुभाष सरकार के रूप में हुई है, जो पश्चिम त्रिपुरा जिले के सदर क्षेत्र का निवासी था।

## इजराइली इतिहासकार बोले- नेतन्याहू राष्ट्रवाद के सबसे बड़े दुश्मन

**तेल अवीव।** चर्चित इतिहासकार युवाल नोआ हरारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इजराइल के इतिहास में नेतन्याहू से बड़ा इजराइली राष्ट्रवाद का दुश्मन कोई नहीं रहा। उन्होंने देश को अंदर से बांट दिया और लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प और उनके जैसे नेताओं की सोच यह है कि कमजोर हमेशा ताकतवर के सामने घुटने टेक दे, तभी शांति बनी रहेगी।



## बांग्लादेश में ट्रम्प नाम के भैंसे की कुर्बानी पर रोक नेशनल जू भेजा गया

**ढाका।** बांग्लादेश में डोनाल्ड ट्रम्प नाम से मशहूर सफेद भैंसे की ईद पर कुर्बानी पर रोक लगा दी गई। इस भैंसे की सबसे खास बात उसके सिर पर मौजूद सुनहरे बालों का गुच्छा है, जो काफी हद तक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हेयरस्टाइल जैसा दिखता है। इसी वजह से लोगों ने मजाक-मजाक में उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प रख दिया था। करीब 700 किलो वजन वाला यह भैंसा सोशल मीडिया पर अचानक बहुत मशहूर हो गया। इसकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल होने लगे। लोग दूर-दूर से सिर्फ इस अनोखे भैंसे को देखने के लिए फार्म पर पहुंचने लगे। बच्चे, परिवार और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स उसके साथ फोटो और वीडियो बनाने लगे।

# बकरीद पर ईदगाह में मुख्य नमाज अदा

### अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ, लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर दी मुबारकबाद

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को मुस्लिम समाज भाईचारे के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) मना रहा है। मुख्य नमाज सुबह 7:30 बजे इंदिरानगर स्थित ईदगाह पर अदा की गई। नमाज शहरकाजी खालिकुर्रहमान ने अदा कराई, जिसके बाद देश में अमन-चैन, भाईचारा और शांति के लिए खास दुआ मांगी गई।

नमाज के दौरान ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। संवेदनशील इलाकों, प्रमुख चौराहों और बाजारों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरों की मदद से भी पूरे क्षेत्र पर निगरानी रखी गई। ईद के मौके पर हजारों की संख्या में लोग अलग-अलग मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ की।



- शहर की जामा मस्जिद, शाही मस्जिद, फतेह मस्जिद, मस्जिद सारवान, लाल मस्जिद, कोट मोहल्ला मस्जिद, मिजार्वाड़ी मस्जिद, नूरे इस्माइल मस्जिद (आगर रोड), बड़ी मस्जिद जांसापुरा और आदर्श नगर सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।
- शहरकाजी खालिकुर्रहमान ने सभी से अपील की कि कुबार्नी के अवशेषों का निस्तारण सही स्थान पर करें और किसी भी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, जिससे किसी को परेशानी न हो।

### अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट

## राजस्थान-मप्र समेत 15 राज्यों में कल से गर्मी से राहत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

देश के 15 से ज्यादा राज्यों में शुक्रवार से गर्मी से राहत मिलने वाली है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, यूपी में अगले तीन दिन बारिश हो सकती है। बिहार के 32 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है।

वहीं राजस्थान में जयपुर सहित 11 जिलों में आंधी बारिश का अलर्ट है। जैसलमेर, फलोदी, गंगानगर, बीकानेर में कल हीटवेव का सबसे ज्यादा असर रहा। बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 48 डिग्री को पार करके 48.2 डिग्री तक पहुंचा। महाराष्ट्र के नागपुर में पिछले तीन दिन में 16 लोगों के शव रेलवे स्टेशन, सड़क, फ्लाईओवर के नीचे समेत अन्य सार्वजनिक जगहों पर मिले। प्रशासन को आशंका है कि हीटवेव के कारण इन लोगों की मौत हुई। नागपुर में बुधवार को भी अधिकतम तापमान 46 डिग्री रहा। पहाड़ी राज्यों की बात करें तो आज उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश और ओले गिर सकते हैं।

### शिमला में पर्यटकों का सैलाब

## तीन दिन में पहुंचे 70 हजार वाहन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ शिमला

मैदानी इलाकों में बढ़ती भीषण गर्मी के बीच हिमाचल प्रदेश की राजधानी और क्वीन ऑफ हिल्स कहलाने वाला शिमला इन दिनों पर्यटकों से पूरी तरह गुलजार है। भारी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से शहर की सड़कें वाहनों से पट गई हैं और ट्रैफिक व्यवस्था पर जबरदस्त दबाव देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों में करीब 70 हजार वाहन शिमला पहुंचे हैं, जिसके कारण शहर के कई हिस्सों में लंबा जाम और यातायात अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए जिला पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए विशेष रणनीति लागू कर दी है।

पुलिस विभाग के अनुसार बीते एक सप्ताह में कुल 1 लाख 54 हजार 450 वाहन शिमला में प्रवेश कर चुके हैं, जबकि एक मई से अब तक यह आंकड़ा 6 ।31 लाख वाहनों तक पहुंच गया है। पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचने के साथ शहर की संकरी सड़कों और सीमित पार्किंग व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई प्रमुख मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं और पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएम के काफिले में बड़ा बदलाव

## डॉ. मोहन यादव नई स्वदेशी इलेक्ट्रिक कार से चलेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन





पीएम नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का एमपी में व्यापक असर दिखाई दे रहा है। कई मंत्री और विधायक, कारों का अपना बड़ा काफिला छोड़ चुके हैं। कुछ जनप्रतिनिधियों ने तो बाकायदा ईवी स्कूटी तक खरीद ली है, यहां तक कि विधायक व मंत्री पैदल चलते नजर आ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी अपना काफिला घटा दिया है।

वे अब पेट्रोल-डीजल की कार छोड़कर इलेक्ट्रिक गाड़ी की सवारी करेंगे। सीएम के लिए स्टेट मोटर गैरेज ने स्वदेशी नई इलेक्ट्रिक कार खरीद ली है। सोमवार को नई गाड़ी सीएम हाउस में पहुंच गई। सीएम की सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार अब नई गाड़ी को सीएम के कारकेड में शामिल करने से पहले उसके सुरक्षा मानकों को जांचा जाएगा। इस दौरान ईवी के मुताबिक ड्राइवर को भी ट्रेंड किया जाएगा। उसके बाद जल्द ही यह ईवी गाड़ी सीएम के कारकेड में शामिल होगी। इस बीच ईवी के अनुरूप चार्जिंग व अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें, सीएम डॉ यादव ने पीएम की अपील के बाद अपने कॉरकेड को छोटा करते हुए गाडियों की संख्या घटा दी थी। पेट्रोल-डीजल की कमी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बचत की नसीहत दी थी। वे स्वयं इसका पालन भी रहे हैं। उनकी अपील के बाद एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपने कारकेड में वाहन कम कर दिए हैं।

## ईरान ने होर्मुज में अमेरिकी टैंकर पर गोलीबारी की

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव

ईरानी नौसेना ने बुधवार रात एक अमेरिकी टैंकर पर फायरिंग की। ईरान का दावा है कि ये जहाज होर्मुज से गुजरते समय अपना रडार बंद करके जा रहा था। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने इसकी जानकारी दी।

इसके बाद अमेरिकी सेना ने बंदर अब्बास पोर्ट के पास एक खाली इलाके में जवाबी फायरिंग की। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। अमेरिका ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को लगा था कि वह बातचीत से पीछे हट जाएंगे, लेकिन अब तेहरान के पास समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।


## सिंहस्थ-2028 में शहर का ट्रैफिक सुगम करने के लिए कवायद

### सौ चौराहों पर प्रशासन की नजर..इन्हें किया जाएगा व्यवस्थित

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 में शहर का ट्रैफिक सुगम करने के लिए 100 चौराहों को व्यवस्थित किया जाएगा। संभागायुक्त आशीष सिंह ने इस संबंध में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन विकास प्राधिकरण, नगर निगम और सेतु निगम के अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ चौराहों के विकास पर चर्चा की गई। उज्जैन शहर की एक बड़ी समस्या अव्यवस्थित ट्रैफिक भी है।

फ्रीगंज क्षेत्र में खुलापन होने से चौराहे तो काफी है लेकिन कई जगहों पर यह व्यवस्थित नहीं है। ऐसा ही हाल पुराने शहर का है। यहां के चौराहे भी खुले नहीं हैं और इस वजह से ट्रैफिक गड़बड़ होता है। संभागायुक्त इस मीटिंग के जरिए शहर में ट्रैफिक व्यवस्थित करने पर जोर दे रहे थे। उन्होंने अफसरों से कहा कि आप सभी 100 चौराहों का डिजाइन ट्रैफिक मैनेजमेंट की दृष्टि से तैयार करें। इन डिजाइन को बनाते समय यह ध्यान रखें कि प्रमुख चौराहों का लेफ्ट टर्न पूरी तरह फ्री हो, बेहतर रोड ज्योमेट्री हो, यहां संकेतक लगाए जा सकें और ट्रैफिक का मैनेजमेंट साइंटिफिक हो। संभागायुक्त ने चौराहों के डिजाइन का बनाते समय तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि चौराहों की डिजाइन व्यवस्थित होगी तो ट्रैफिक का संचालन सुगमता से हो सकेगा। ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बनेगी।



## खबर एक नजर...

### शराब दुकान के पास बेहोशी की हालत में मिला युवक

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया स्थित शराब दुकान के पास से बुधवार को बेहोशी की हालत में एक युवक पड़ा मिला। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। युवक का नाम जितेन्द्र पिता रमेशचंद्र प्रजापत 35 साल निवासी तिरुपतिधाम कालोनी सामने आया है। डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई और उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई है। युवक के होश में आने पर उसकी बिगड़ी हालत की स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

### कारों की भिड़ंत के बाद चले पत्थर-डंडे, 3 घायल

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के क्षिप्रा विहार स्थित 56 दुकान के सामने 2 कारों के बीच भिड़ंत हो गई। एक कार में सवार गौरव पिता जसवंतसिंह कपूर निवासी केशव नगर, उसके साथी शुभम पिता राजेन्द्र सिंह ठाकुर सांईधाम कालोनी और कृष्णा पिता महेन्द्र ठाकुर निवासी ढांचा भवन ने दूसरी कार चालक को देखकर चलाने को कहा तो उक्त कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 7323 के चालक और उसके साथियों ने तीनों के साथ गाली-गलौच करते हुए पत्थर-डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में तीनों घायलों की शिकायत पर कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने के साथ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### रिवर्स डंपर के नीचे दबा सो रहा ड्रायवर, परिजनों के आने पर कराया पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** देर रात तक डंपर चलाने के बाद ड्रायवर पीछे खाट डालकर सो गया। सुबह दूसरा ड्रायवर आया और उसने रिवर्स लिया। पीछे सो रहा ड्रायवर दब गया, जिसे अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी सांसे थम चुकी थी। नरवर थाना प्रधान आरक्षक गजेन्द्र यादव ने बताया कि घटनाक्रम ग्राम करछा में हुआ। ईद का पर्व होने पर डंपर चलाने वाले मुस्लिम चालक अवकाश पर चले गये थे। बदली में ड्रायवरी करने ज्ञानसिंह पिता अम्बाराम उर्फ श्यामलाल यादव 35 साल आया था। रात 3 बजे तक उसने सिलारखेड़ी से निकलने वाली काली मिट्टी ग्रामीणों के खेत में डाली और करछा में डंपर खड़ा करने के बाद पीछे खाट डालकर सो गया। बुधवार सुबह दूसरा चालक आया, उसे पता नहीं था, उसने डंपर रिवर्स लिया, उसी दौरान खाट पर सोया ड्रायवर ज्ञानसिंह गिर गया और पहिये की चपेट में आकर दब गया। उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को चरक अस्पताल लाया गया। जहां सामने आया कि ज्ञानसिंह मूलरूप से उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। सालों पहले उज्जैन आ गया था और खिलचीपुर आगररोड पर रहने लगा था, लेकिन काफी समय से वह अपने रिश्तेदार के यहां नीलगंगा क्षेत्र में रह रहा था। परिजनों के आने पर सामने आया कि ज्ञानसिंह की शादी नहीं हुई थी। मृतक ड्रायवर के 7-8 भाई-बहन है, जो उत्तरप्रदेश में रहते है। रिश्तेदारों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव सौंपा गया है।

### सफर के दौरान इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से गिरा युवक

**उज्जैन।** ताल का रहने वाला सागर पिता मनोहरलाल पंवार 24 साल इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से सफर कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर स्टापेज होते ही सागर नीचे सामान लेने उतर गया। कुछ देर में ट्रेन चल दी। सागर ने दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया और चढ़ते समय अचानक पैर फिसलने पर गिर गया। पटरियों पर गिरने से उसका एक पैर कट गया। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। दस्तावेजों से पहचान होन पर परिजन उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि शहडोल में टोलकर्मी था और ट्रेन से घर लौट रहा था। कुछ दिनों पहले ही उसकी शादी हुई थी।

### मौसम में ठंडक का असर, विक एंड में बारिश के आसार प्रबल

# नौतपा के तीन दिन गुजरे, कुछ खास असर नहीं, शेष 6 दिन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नौतपा के तीन दिन गुजर गए हैं। 25 मई से शुरू हुआ 9 तपा में प्रारंभ के तीन दिनों में तापमान में बहुत ज्यादा तेजी की स्थिति सामने नहीं आई है। शेष 6 दिनों में भी विक एंड में बारिश के आसार बताए जा रहे हैं। यहां तक की उमस के हाल भी नियंत्रण में रहे हैं और दिन में चलने वाली गर्म हवा यानिकी लू की स्थिति भी पिछले तीन दिनों में कुछ खास नहीं रही है। मौसम में ठंडक का असर भी बताया जा रहा है।

मौसम विभाग ने सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के चलते देश के 17 राज्यों में तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और वज्रपात का बड़ा अलर्ट जारी किया है। अगले 72 घंटे देश के कई हिस्सों के लिए बेहद संवेदनशील माने जा रहे हैं, जहां 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। मौसम का यह बदला हुआ रूप सिर्फ राहत नहीं देगा बल्कि कई जगह तबाही भी मचा सकता है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि गर्म हवाओं और सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के टकराव की वजह से उत्तर और पूर्वी भारत में मौसम बेहद अस्थिर हो गया है। बिहार, झारखंड, यूपी और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हालात ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। वहीं पहाड़ी इलाकों में ओलावृष्टि और अचानक बर्फबारी तक की चेतावनी जारी की गई है।

**आंधी बिजली के दौरान सतर्क रहने की हिदायत-** मौसम विभाग ने आंधी और बिजली चमकने के दौरान लोगों को खुले मैदानों, पेड़ों, कमजोर संरचनाओं और बिजली के खंभों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी है। तेज हवाओं और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होने की आशंका को देखते हुए किसानों को भी खेतों में न जाने और लगातार मौसम अपडेट देखते रहने को कहा गया है।

**प्रदेश में 29 मई के बाद तापमान गिरेगा-** मध्यप्रदेश में भोपाल, जबलपुर और रीवा संभाग सहित पूर्वी जिलों में धूलभरी आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है, जिससे 29 मई के बाद तापमान गिरेगा।

**हवाओं ने पकडी तेजी-** नौतपा के शुरुआती दिन से ही हवाओं ने तेजी पकड ली है। सोमवार को हवा 6-12 किलोमीटर की रफ्तार से उज्जैन में दौडी जिसका असर तापमान पर आया है। इसी प्रकार मंगलवार को सुबह झशाम 10-10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार हवाओं की रही है। तीसरे दिन बुधवार को सुबह 12 एवं शाम को 10 किलोमीटर की गति शासकीय जीवाजी वेधशाला में दर्ज की गई है।


# उज्जैन में शिप्रा परिक्रमा पर मिले 1000 साल पुराने अवशेष

### रणजीत हनुमान मंदिर के पास परमारकालीन मंदिर के भग्नावशेष खोजे गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा परिक्रमा मार्ग पर एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोज सामने आई है। 25 और 26 तारीख को आयोजित दो दिवसीय शिप्रा परिक्रमा के दौरान, पुरातत्वविदों और शोधकर्ताओं को लगभग एक हजार वर्ष पुराने परमारकालीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। मुख्यमंत्री ने इस परिक्रमा का समापन किया था।

यह खोज शिप्रा तट पर स्थित बड़े पुल के पास रणजीत हनुमान मंदिर के सामने कामाख्या माता मंदिर क्षेत्र में हुई। यहां खुदाई और निर्माण कार्य के दौरान बड़ी संख्या में प्राचीन स्थापत्य खंड, स्तंभों के अवशेष और नक्काशीदार पत्थर प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार, ये अवशेष परमारकालीन मंदिर के भग्नावशेष माने जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस क्षेत्र में पहले इतने बड़े पैमाने पर मंदिर के अवशेष



नहीं देखे गए थे। हालांकि, हाल ही में घाट निर्माण और अन्य विकास कार्यों के दौरान जमीन के भीतर दबे प्राचीन अवशेष सतह पर आने लगे। खुदाई से प्राप्त इन भग्नावशेषों को सुरक्षित रूप से एक स्थान पर एकत्र किया गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह क्षेत्र कभी एक विशाल मंदिर परिसर का हिस्सा रहा होगा। समय के साथ मंदिर ध्वस्त हो गया और उसके अवशेष शिप्रा नदी तट, दानीगेट क्षेत्र तथा आसपास के हिस्सों में बिखर गए। अब चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान ये अवशेष फिर से सामने आ रहे हैं।

**परमारकालीन शैली की बनावट-** पुरातत्व विशेषज्ञों के मुताबिक, प्राप्त स्तंभखंड, स्थापत्य शैली और पत्थरों पर उकेरी गई नक्काशी परमारकालीन कला शैली से मेल खाती है। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुराना हो सकता है। पुरातत्व विभाग और शोधकर्ताओं द्वारा अब इन अवशेषों का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है ताकि उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को पूरी तरह समझा जा सके। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के पुराविद डॉ. रमण सोलंकी ने बताया, रणजीत हनुमान मंदिर के सामने कामाख्या मंदिर क्षेत्र में पहले कभी इस प्रकार के मंदिर अवशेष देखने को नहीं मिले थे। लेकिन इस बार बड़ी संख्या में भग्नावशेष, स्थापत्य खंड और प्राचीन स्थापत्य सामग्री प्राप्त हुई है।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण उज्जैन में होगा

### वर्ग में मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित 200 कार्यकर्ता शामिल होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 28 एवं 29 मई को राजाराम रिसॉर्ट में किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी भी शामिल होंगे। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा 28 मई से नगर के सभी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा।

इस प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी, जिनमें सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, प्रकोष्ठ संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय एवं प्रदेश समिति सदस्य शामिल होंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि दो दिवसीय यह प्रशिक्षण वर्ग आवासीय होगा, जिसमें सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं को निर्धारित स्थल पर रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा। प्रशिक्षण देने हेतु भाजपा के प्रशिक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं से 28 मई को प्रातः 9:00 बजे समय पर राजाराम रिसॉर्ट पर प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# सिंहस्थ 2028 को 'ग्रीन सिंहस्थ' बनाने की तैयारी, 10 लाख पौधे लगेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को 'ग्रीन सिंहस्थ' थीम पर विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत पूरे सिंहस्थ क्षेत्र में लगभग 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने सभी विभागों को सात दिन के भीतर पौधारोपण का विस्तृत प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

**उज्जैन में 274 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर विकसित होगा**



इस पहल के तहत शहर की नई सड़कों, पंचक्रोशी मार्ग, शिप्रा घाट और मेला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। बुधवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय में हुई बैठक में इन योजनाओं पर चर्चा की गई।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने कहा कि सिंहस्थ से जुड़े हर विकास कार्य के साथ पौधारोपण को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। उनका उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में पूरा क्षेत्र एक ग्रीन कॉरिडोर के रूप में दिखाई दे। 64 मार्ग पर विशेष रूप से 274 किलोमीटर लंबे सड़क नेटवर्क के दोनों किनारों और डिवाइडर पर फूलदार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें अमलतास, गुलमोहर, नील मोहर और पलाश जैसे प्रजातियों का चयन किया जा रहा है। प्रशासन ऐसे पौधों को प्राथमिकता दे रहा है जो कम समय में बड़े होकर सिंहस्थ तक आकर्षक दिखें और गर्मियों में भी रंगीन बने रहें। वन विभाग ने पंचक्रोशी मार्ग पर तीन चरणों में पौधारोपण की योजना प्रस्तुत की है। इस बारिश के मौसम में लगभग 15 हजार बड़े पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे। उद्यानिकी विभाग को शिप्रा नदी के किनारे निजी जमीनों पर किसानों को फलदार पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त, जल संसाधन विभाग शिप्रा नदी के 29 किलोमीटर क्षेत्र में बन रहे नए घाटों के किनारों पर भी हरियाली विकसित करेगा। घाटों से लगभग डेढ़ मीटर की दूरी पर पौधारोपण किया जाएगा।

उज्जैन
गुरुवार
28
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

नास्ति सत्यसमो धर्मो न सत्याद्विद्यते परम्।
न हि तीव्रतरं किञ्चिदनृतादिह विद्यते॥

**अर्थः** सत्य जैसा अन्य धर्म नहीं। सत्य से पर कुछ नहीं। असत्य से ज्यादा तीव्रतर कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### 28 लाख से अधिक की ठगी में महिला गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की स्टेट सायबर पुलिस ने कम ब्याज पर लोन दिलाने के मामले मे कई तरह का प्रलोभन देकर करीब 28 लाख से अधिक की ठगी करने के मामले मे एक महिला को बुधवार को गिरफ्तार किया है। टीआई दिनेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ अनीश कश्यप ने शिकायत मे बताया था कि लोन सारथी नाम से एक कंपनी से रितीका सेठी निवासी दिल्ली ने उन्हे कॉल किया था। उसने कम ब्याज दर पर लोन देने की बात करते हुए लालच दिया। इसके बाद अलग अलग किश्तों मे प्रोसेसिंग फीस, रिंफड ओर वैरीफिकेशन के नाम पर करीब 28 लाख 68 हजार का अमांउट अपने बैक खातों मे ट्रांसफर करा लिया। रितीका सेठी मूल रूप से हरिद्वार की रहने वाली है। उसने वर्तमान मे दिल्ली मे अपना ठिकाना बनाया हुआ था। रितीका ने मुंबई मे भी मारिया नाम की महिला के साथ ठगी की थी। जिसमे इसी तरह से 12 लाख रूपए उसे ठगे थे। मुंबई मे भी उसके खिलाफ एफआईआर हुई थी, लेकिन पुलिस उसकी गिरफ्तारी नहीं कर सकी। वहीं चेन्नई मे भी उसने कुछ दिन पहले इसी तरह से धोखाधडी की थी। हालांकि इस मामले मे अभी एफआईआर नहीं हुई। रितीका सेठी अलग-अलग नंबरों से अनीश के संपर्क मे थी। अनीश ने उसे कैश पेमेंट का लालच दिया। वहीं आने जाने का खर्च देने की बात की। रितीका यहां प्लेन से आई ओर एक कैफे में मिलने अनीश से पहुंची। इसी दौरान पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। उसके इस नेक्सेस मे और भी लोग शामिल है। पुलिस उसकी जानकारी जुटा रही है।

### फर्जी जिम ट्रेनर बनकर महिला से 2लाख ठगे

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में फेसबुक के जरिए दोस्ती कर एक महिला से ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को जिम ट्रेनर बताकर महिला को प्रेमजाल में फंसाया और बाद में निजी फोटो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 38 वर्षीय पीड़िता निजी फर्म में काम करती है। महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी पहचान फेसबुक पर प्रथम खन्ना नाम के युवक से हुई थी। आरोपी ने खुद को जिम ट्रेनर बताते हुए शादी की बात की, जिससे महिला उस पर भरोसा करने लगी। शुरूआत में आरोपी ने जरूरत बताकर महिला से ऑनलाइन रुपए मांगे। पहली बार महिला द्वारा भेजी गई रकम उसने वापस कर दी, जिससे महिला का भरोसा और बढ़ गया। इसी दौरान आरोपी ने महिला से कुछ निजी फोटो भी मांगे, जिन्हें उसने भेज दिया।

### रिश्तेदार युवती शादी का बना रही थी दबाव, इंदौर में युवक ने फांसी लगाई

**इंदौर।** प्रेम प्रसंग के तनाव के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एरोड्रम थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक की रिश्तेदार युवती उस पर शादी का दबाव बना रही थी। युवक ने रिश्तेदारी का हवाला देते हुए शादी से इंकार कर दिया था। इसे लेकर युवती ने रात में उसे धमकी भी दी थी। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक लोकनायक नगर 60 फीट रोड निवासी शुभम (19) पुत्र राजेश ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक ऑनलाइन पार्सल डिलीवरी का काम करता था और अपने बड़े भाई के साथ रहता था। घटना का पता सुबह उस समय चला जब मकान का किरायेदार किसी काम से नीचे आया। उसने कमरे का दरवाजा खुला देखा और अंदर शुभम को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद उसने तुरंत शुभम के बड़े भाई को सूचना दी, जिससे घर में हड़कंप मच गया।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर जारी किया वीडियो, ड्रेनेज लाइन साफ करने आया था टैंकर

# जल संकट के बीच धुला महापौर सचिवालय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बुधवार को कांग्रेस ने इंदौर महापौर सचिवालय को पानी से धोते हुए वीडियो जारी किया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर लोग अलग-अलग कमेंट भी कर रहे हैं।

किसी ने लिखा है कि जहां आम जनता पानी के लिए तरस रही है, वहां व्यर्थ पानी बहाया जा रहा है, हद है। वहीं किसी ने लिखा कि वह अपने घर का पानी यूज कर रहे हैं, आप अपने घर का लिए पानी बचाएं।

कांग्रेस ने अपने इंडियन नेशनल कांग्रेस मध्यप्रदेश पर फेसबुक पेज पर इस वीडियो को अपलोड किया है। इस वीडियो पर लिखा भी है इंदौर की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। महापौर जी अपना सचिवालय (ऑफिस) पानी से धुलवा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।



**कर्मचारी और वीडियो बनाने वाले की बीच कहासुनी-** एक कर्मचारी प्रेशर पाइप से सचिवालय के बाहर का हिस्सा धो रहा था। तब वहां किसी ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान कर्मचारी वीडियो बनाने वाले के पास आया और वीडियो क्यों बना रहे हैं पूछने लगा। इस पर किसी ने कहा कि लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, तुम ये धो रहे हो। इस दौरान कर्मचारी और वीडियो बनाने वाले के बीच कहासुनी भी हो गई।

### ड्रेनेज लाइन साफ करने आया था

इधर, बताया जा रहा है कि वीडियो बुधवार का ही है। जब महापौर सचिवालय में कोई नहीं था। तब ड्रेनेज लाइन की सफाई करने के लिए टैंकर बुलवाया गया था। टैंकर के प्रेशर से ही लाइन की सफाई की जाती है। सफाई के बाद हुई गंदगी को कर्मचारी उसी प्रेशर पाइप से साफ कर रहा था। बताया जा रहा है कि ये ट्रीटेड पानी है।

### महापौर बोले- ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस

वायरल वीडियो के बाद महापौर ने कहा कांग्रेस ओछी राजनीति कर रही है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि कांग्रेस इतने हल्केपन से राजनीति कर रही है।

आकांक्षा योजना के हितग्राहियों छात्रों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

# कलेक्टर ऑफिस के पास धरने पर बैठे स्टूडेंट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आकांक्षा योजना के तहत आदिवासी बच्चों को कोचिंग दे रही एसेंट कोचिंग क्लास का टेंडर तत्काल समाप्त करने, नीट की कोचिंग पूरी कराने सहित अन्य मांगों को लेकर योजना के हितग्राही स्टूडेंट इंदौर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स कलेक्टर ऑफिस के पास हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे हैं।

छात्र नेताओं का कहना है कि आदिवासी एवं गरीब छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी मांगें पूरी होने तक यहां धरना जारी रहेगा। हालांकि इस दौरान प्रशासन के कुछ अधिकारी भी छात्र नेताओं से मिलकर गए हैं।

**हाथों में तख्तियां लेकर बैठे स्टूडेंट्स-** धरना प्रदर्शन पर स्टूडेंट्स अपने हाथों में पोस्टर लिए बैठे हुए हैं। छात्र नेता पवन अहिरवार ने बताया कि ये स्टूडेंट अपनी मांगों को लेकर नहीं आए हैं, ये न्याय मांगने आए हैं। लगातार छह महीने से स्टूडेंट्स आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इंदौर के प्रशासनिक अधिकारी बच्चों को बुलाकर जांच के नाम पर बरगला रहे हैं। उन्होंने मांगें पूरी करने की बात कही है। हमारी मांगें जब तक पूरी नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।



छात्रों ने बताया कि आकांक्षा योजना के तहत हमें टेबलेट, मॉड्यूल, कोचिंग, स्टेशनरी आदि मिलना चाहिए। हमें नीट की तैयारी के लिए बुलवाया गया, मगर हमारा 11वीं का सिलेबस छूट गया है। कोचिंग क्लास भी पूरी नहीं लग रही है। आकांक्षा योजना के तहत हमें दिसंबर में बुलवाया गया, जबकि गाइडलाइन के हिसाब से सितंबर में बुलवाया जाना था। यहां एक भी स्टूडेंट को टेबलेट तक नहीं मिला है।

**ये है स्टूडेंट्स की मांग-** आकांक्षा योजना में लाभान्वित छात्र-छात्राओं की 24 माह की नीट कोचिंग पूर्ण रूप से कराई जाए। एसेंट कोचिंग क्लास का टेंडर तत्काल समाप्त किया जाए। हमारे द्वारा की गई शिकायत में दर्ज बयान आज दिनांक में हमारे सामने प्रस्तुत किए जाएं। अस्सिटेंट कमिश्नर नरेंद्र भिड़े द्वारा बिना मॉड्यूल, टैबलेट एवं कोचिंग लगाए बिल कैसे पास किया गया, इसकी संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक की जाए। एसेंट कोचिंग क्लास का पूरा पता, वहां काम करने वाले शिक्षकों की जानकारी एवं संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। मुकुल बंसल पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

**टीम का गठन किया जाएगा-** एसडीएम घनश्याम धनगर स्टूडेंट्स ने अपना विरोध दर्ज कराया है, उनकी शिकायतों की जांच करवाई जाएगी। स्टूडेंट्स ने हॉस्टल और कोचिंग से संबंधित पाइंट रखे हैं, इसकी जांच के लिए टीम का गठन किया जा रहा है, जो जांच होगी, उसमें जो बातें सामने आएंगी उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। स्टूडेंट्स को समझाइश दी गई है।

## आईपीएल सट्टा खेलते इंजीनियर सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रेलवे, बैंक कर्मचारी और निजी कंपनियों में कार्यरत युवक शामिल हैं। आरोपी पिछले करीब एक महीने से किराए के फ्लैट में रहकर मोबाइल आईडी के जरिए ऑनलाइन सट्टे की बुकिंग कर रहे थे।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार रात बेंगलुरु और गुजरात के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाए जाने की सूचना पर कार्रवाई की। इस दौरान ओडिशा और जबलपुर के रहने वाले आठ युवकों को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक गिरोह का मास्टरमाइंड कुणाल दास है, जो पहले कई ऑनलाइन डिलीवरी कंपनियों में काम कर चुका है। उसके साथ शशांक नेगी भी पकड़ा गया है, जो गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इसके अलावा रामा स्वामी, अविनाश ठाकुर, चिन्मय, राजेंद्र दास, आनंद प्रधान और विकास को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें रेलवे कर्मचारी, बैंक कर्मी, जियो कंपनी कर्मचारी, छात्र और निजी कंपनी सुपरवाइजर शामिल हैं।

**टेलीग्राम ग्रुप के जरिए जोड़ा था आरोपियों को-** डीसीपी के अनुसार कुणाल दास ने सभी आरोपियों को टेलीग्राम ग्रुप के जरिए जोड़ा था। इसके बाद चैटिंग के माध्यम से आईपीएल सट्टे का नेटवर्क तैयार किया गया। आरोपी प्रीमियम नाम की वेबसाइट से लिंक लेकर अन्य लोगों को आईडी जनरेट कर सट्टा खिलाते थे।

**23 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, नकदी जब्त-** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, नकदी और करीब दो करोड़ रुपए के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर बरामद किए हैं। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।


# 220 किलो का बकरा रोज 2 लीटर दूध, 250 ग्राम ड्राइफ्रूट खाता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देशभर के साथ मध्य प्रदेश में भी 28 मई को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। इस मौके पर इंदौर में 220 किलो के बकरे सुल्तान की कुर्बानी दी जाएगी।

**8 लाख लग चुकी कीमत**

गुलजार कॉलोनी निवासी मोईन खान करीब एक साल पहले सुल्तान को पंजाब से एक हजार किलोमीटर का सफर दो दिन में तय कर इंदौर लाए थे। सुल्तान को रोज 2 लीटर दूध, 250 ग्राम ड्राइफ्रूट और करीब 10 किलो पत्ते की डाइट दी जा रही है। मोईन खान ने बताया कि उन्हें शुरू से ही कुर्बानी के लिए भारी बकरे लाने का शौक रहा है। सुल्तान को उन्होंने एक लाख 20 हजार रुपए में खरीदा था। ईद के मद्देनजर इसे खरीदने कई ग्राहक आए। एक ने तो सुल्तान की कीमत 8 लाख रुपए तक लगा दी लेकिन मोईन खान ने इसे बेचने से मना कर दिया।



**पंजाबी बीटल नस्ल का स्पॉटेड बकरा-** मोईन ने बताया कि सुल्तान पंजाब की बीटल नस्ल का है। यह भूरे रंग का स्पॉटेड बकरा है। इसकी जमीन से लेकर गर्दन तक की हाइट करीब 5 फीट है। सुल्तान रोज सुबह 2 लीटर दूध पीता है। गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाया गया है। उसे हमेशा ठंडा पानी ही पिलाया जाता है।

**बच्चे की तरह रख रहे सुल्तान का ध्यान-** राऊ से बकरा देखने इंदौर की गुलजार कॉलोनी आए फैजान कुरैशी ने कहा- सुल्तान की काफी तारीफ सुनी थी। उसे तंदुरुस्त रखने के लिए मोईन खान काफी मेहनत कर रहे हैं। वे अपने बच्चे की तरह सुल्तान का ख्याल रख रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### रामघाट पर 'ये है मोहन की सरकार' गीत का लोकार्पण

उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 मई को मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा के समापन अवसर पर रामघाट पर 'ये है, मोहन की सरकार' गीत का लोकार्पण किया। पवित्र क्षिप्रा तट पर जारी किया गया यह विशेष गीत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर केंद्रित है।

इस गीत के प्रस्तुतकर्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा के पीयूष चौहान हैं। इस रचना के बोल गीतकार शिवेंद्र शर्मा ने लिखे हैं, जबकि इसे संगीत से रजत याग्निक ने सजाया है। गायक प्रेम व्यास ने इस गीत को अपनी आवाज दी है।

### चांद पर यान उतरता है तो याद आते हैं चाचा नेहरू- मुकेश भाटी

उज्जैन। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि आज जब चांद पर यान उतरता है तो चाचा नेहरू याद आते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन याद करते हुए हर देशवासी की आंखें नम हो जाती हैं।

भाटी ने अपने उद्बोधन में पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि वह ऐसा सितारा थे, जिन्होंने देश को आईआईटी, एम्स और भाखड़ा नांगल जैसे बड़े बांधों की अविस्मरणीय सौगात दी। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर देश के नवनिर्माण में उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, सत्यनारायण पंवार, राजेश राणा, सुनील कछवाय, देवव्रत यादव, आनंद मीणा, अरुण रोचवानी, बंटी वसीम, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, वरुण शर्मा, बबलू खींची, मनीष गोमे, सुरेश वासनिक, हेमंत गोमे, चेतन भाट, गोसर, अर्पित यादव, धर्मेंद्र

### उज्जैन निवास पर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन, सीएम बोले- संतों की सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध

# रीवा घटना की जांच के लिए बनेगी विशेष कमेटी, मुख्यमंत्री ने जैन समाज को दिया आश्वासन





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रीवा में दो आर्यिका माताओं के साथ हुई दुर्घटना के विरोध में सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर संत सुरक्षा अधिनियम पारित करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मामले में विशेष जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया है।

मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मामले से पूरी तरह अवगत थे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से गंभीरता से चर्चा करते हुए कहा कि इस घटना की जांच के लिए एक विशेष कमेटी बनाई जाएगी। शासन स्तर पर साधु-संतों की सुरक्षा और मदद के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे, जिसकी जानकारी जल्द ही दी जाएगी। ज्ञापन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने समाज को आश्वस्त किया कि वे सकल जैन समाज के साथ हैं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी और सरकार संतों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला, संजय मारू, ललित सेठी, धर्मेंद्र सेठी, अनिल कासलीवाल, अधिवक्ता राहुल जैन, कमल जैन मैत्री, हितेश सेठी, प्रसन्न बिलाला और दीप्ति गंगवाल सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि रीवा की घटना के विरोध में 25 मई को उज्जैन सहित देशभर में जैन समाज द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे। उज्जैन में भी जैन धर्म के विविध पंथों के आचार्य, मुनि और आर्यिका माताओं ने एक मंच पर आकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया था। इस दौरान पूर्व मंत्री, विधायक, पार्षदों सहित समाज के सभी वर्गों और संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर अपनी बात रखी थी।

# पद्मिनी एकादशी का पुण्य हजारों यज्ञों और तीर्थ स्नान के बराबर

### शेष नारायण मंदिर में एक माह तक चलेगी कथा, ज्योतिषाचार्य पं. विशाल शुक्ला करा रहे रसपान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षीर सागर स्थित शेष नारायण मंदिर प्रांगण में अधिक मास के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के श्रीमुख से श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे हैं। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन और अधिक मास के महत्व का वर्णन किया जा रहा है।

दान-पुण्य और व्रत से मिलती है सुख-समृद्धि

कथा के दौरान पंडित शुक्ला ने अधिक मास के शुक्ल पक्ष में मनाई गई पद्मिनी एकादशी का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित सबसे पुण्यदायी एकादशियों में से एक है। केवल अधिक मास में आने के कारण इसका धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस दिन विधि-विधान से व्रत, पूजा और भगवान की आराधना करने से साधक को सुख-समृद्धि, वैभव और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इस एकादशी का पुण्य हजारों यज्ञों और तीर्थ

# कमीशनखोरी की भेंट चढ़े निगम के नए टैंकर, महीने भर में ही उखड़ी वेल्डिंग

### नेता प्रतिपक्ष रवि राय का वर्कशॉप अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का सीधा आरोप, फर्जी निकला थर्ड पार्टी निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। भीषण जलसंकट के बीच शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए नगर निगम द्वारा मंगाए गए नए पानी के टैंकर चंद दिनों में ही कबाड़ में तब्दील होने लगे हैं। महज एक महीने के भीतर ही 9 में से 5 टैंकरों की वेल्डिंग उखड़ गई और वे टूट-फूट गए हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने वर्कशॉप अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और भारी कमीशनखोरी का कड़ा आरोप लगाया है। उनका स्पष्ट कहना है कि शहर में जनता के पैसे की सरेआम लूट हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ अपना कमीशन खरा करने में मस्त हैं।

नेता प्रतिपक्ष राय ने इस पूरे मामले को सुनियोजित भ्रष्टाचार करार देते हुए बताया कि गुजरात की जिस कंपनी ने इन टैंकरों की सप्लाई की है, उसकी गुणवत्ता बेहद दोयम दर्जे की है। मिलीभगत और भ्रष्टाचार का आलम यह है कि थर्ड पार्टी निरीक्षण के नाम पर भी सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई और कमीशन के खेल में इन घटिया टैंकरों को पास कर दिया गया। राय ने आरोप लगाया कि वर्कशॉप विभाग पूरी तरह से कमीशनबाजी का अड्डा बन चुका है। निगम के अधिकांश वाहन वर्तमान में कंडम और खटारा स्थिति में पहुंच चुके हैं, जो शहर में सिर्फ जहरीला काला धुआं उगल कर प्रदूषण फैला रहे हैं।

इस खुली लूट और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम आयुक्त से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वर्कशॉप विभाग की तुरंत और निष्पक्ष समीक्षा की जाए। इस पूरे कमीशन कांड को उजागर कर इसमें संलिप्त सभी भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से

### प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं बल्कि ईश्वर के वास की भावना से अपनाएं स्वच्छता

# कोठी रोड तरणताल पर निःशुल्क तैराकी शिविर में खिलाड़ियों ने ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वच्छता किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं है, बल्कि इसमें ईश्वर का वास होता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए कोठी रोड स्थित तरणताल पर चल रहे निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। शिविर में तैराकी के साथ खिलाड़ियों के शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास के साथ ही सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

यह शिविर खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा संभागीय तैराकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संभागीय तैराकी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव हरीश शुक्ला, दीप ज्योति वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान और अश्विन टाटावत द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास कर एक सशक्त पीढ़ी का निर्माण करना है।

खिलाड़ियों के बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत व्यक्तित्व निर्माण के लिए खेलों के साथ संतुलित आहार भी आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए शिविर के दौरान डॉ. दीपक जैन और वीरेंद्र काले द्वारा सभी बच्चों को पौष्टिक अल्पाहार का वितरण किया गया। इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



### विकास राजपूत बने राज्य कर्मचारी संघ स्वास्थ्य समिति के जिला संयोजक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संगठन के कार्य विस्तार के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखपाल विकास राजपूत को स्वास्थ्य विभागीय समिति का जिला संयोजक मनोनीत किया है।

संघ द्वारा उन्हें उज्जैन जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए विभागीय अधिकारियों से पत्राचार करने और ज्ञापन सौंपने हेतु अधिकृत किया गया है। इस नियुक्ति से कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने में मदद मिलेगी। विकास राजपूत की नियुक्ति पर राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक रोहित, प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर एवं नियुक्तिकर्ता जिला सचिव राम सिंह बनिहार ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

## खबर एक नजर...

### गत वर्ष से 29 प्रतिशत अधिक किसानों से गेहूं का उपार्जन किया

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में उपार्जन केंद्रों पर कृषकों को ठंडे पेयजल, बैठने के लिए छांव, समय पर भुगतान के साथ सुचारू रूप से जारी है।जिले में भी कृषकों से गेहूं उपार्जन 28 मई तक जारी है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में 198 उपार्जन केंद्रों पर 26 मई ,12 बजे दोपहर तक 97,474 कृषकों से 7 लाख 83 हजार 574 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। कुल उपार्जन में से 96 प्रतिशत गेहूं का परिवहन किया जा चुका है। 97,474 कृषकों से 7 लाख 83 हजार 574 मैट्रिक टन गेहूं के उपार्जन के विरुद्ध 2056.88 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किसानों को सुलभता से २-३ दिवस में उनके खातों में किया जा रहा है। किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन करने की प्रकिया और 2 से 3 दिवस में भुगतान होने पर प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। गत रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में 75,344 कृषकों से 6,75,856 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कृषक भाइयों से किया गया था। 6,75,856 मैट्रिक टन उपार्जित गेहूं के विरुद्ध 1,756 करोड़ रुपए राशि का भुगतान कृषकों को गत वर्ष किया गया था।

### अग्निवीर भर्ती रैली (महू, इंदौर) के परिणाम घोषित

उज्जैन। सेना भर्ती कार्यालय, महू (मध्य प्रदेश) द्वारा नवंबर-दिसंबर 2025 में इंदौर (म.प्र.) में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली के विभिन्न पदों का परिणाम 25 मई 2026 को घोषित कर दिया गया है। इस रैली में उज्जैन और इंदौर संभाग के 15 जिलों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था। सभी सफल उम्मीदवारों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे 28 मई 2026 (बुधवार) को प्रातः 7 बजे सभी मूल दस्तावेजों सहित सेना भर्ती कार्यालय, महू (म.प्र.) में प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित हों। भारतीय सेना सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देती है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। भारतीय सेना में चयन पूर्णतः पारदर्शी एवं केवल मेरिट के आधार पर किया जाता है।

### ग्राम उमरिया खालसा में हुआ जल स्रोत पूजन

उज्जैन। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन के सेक्टर लेकोड़ा अंतर्गत ग्राम उमरिया खालसा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत पूजन एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल स्रोतों का पूजन कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा आसपास के क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता कार्य किया गया। उपस्थित जनों ने जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जनजागरण का संदेश दिया।इस अवसर पर श्री अरुण व्यास, विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद एवं श्री उत्कर्ष सिंह सेंगर, अध्यक्ष, सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल (चयनित नवांकुर संस्था) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# दाता वॉरियर्स और बनारसिया क्वीन ने जीता जेवायसीसी क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब, 30 टीमों ने दिखाया शानदार खेल

### क्षीरसागर स्टेडियम में एक महीने तक चला रात्रिकालीन आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जैन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा क्षीरसागर स्टेडियम में दुधिया रोशनी के बीच आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस वर्ष पुरुष वर्ग में दाता वॉरियर्स और महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। समाज को एकजुट करने और नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस टूनार्मेंट में इस वर्ष महिला क्रिकेट के साथ बालक और बालिकाओं के भी विशेष मैच खेले गए। महावीर इलेवन और हेलो किड्स



चैंपियन रहे उपविजेता

पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में दाता वॉरियर्स ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी उठाई, जबकि महावीर इलेवन उपविजेता रही। वहीं महिला वर्ग में बनारसिया क्वीन विजेता और हेलो किड्स चैंपियन उपविजेता रही। पुरुष वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आयुष मारू को मैन ऑफ द सीरीज, अतिशय पटौदी को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूनार्मेंट और ऋषभ सकलेचा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग में प्रभा जैन वूमेन ऑफ द टूनार्मेंट और अंशु बाफना वूमेन बेस्ट बैट्समैन चुनी गईं।

### एक महीने तक चला क्रिकेट का महाकुंभ

कमेटी सदस्य धीरेंद्र जैन ने बताया कि 24 अप्रैल से 24 मई तक अनवरत चले इस आयोजन में पुरुष वर्ग की सोलह और महिला वर्ग की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बालकों की चार और बालिकाओं की दो टीमों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोजाना बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों ने दर्शक बनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समापन अवसर पर पार्षद रजत मेहता और सुशील श्रीवास अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पुरुष वर्ग में नवकार संस्था के विशेष सहयोगी विजय जैन, आगम जैन और सुरभि जैन द्वारा ट्रॉफी का वितरण किया गया। वहीं महिला क्रिकेट टीम की ट्रॉफी सहयोगी संस्था गुजरात प्राइड के रजनीश मिंडा ने प्रदान की। अतिथियों का स्वागत अभिनंदन जेवायसीसी के संरक्षक विनोद बरबोटा, अमित कावड़िया, दिनेश जैन सुपरफार्मा, नरेश भंडारी और स्नेहलता सोगानी द्वारा किया गया।

### प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने का निर्देश दिए

# कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में विभिन्न मामलों मे जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने का निर्देश दिए गए।

उज्जैन निवासी श्रीमती पूजा सोनवने ने आवेदन दिया की वे ५० प्रतिशत दिव्यांग है और कुछ समय से अत्यधिक तनाव होने के कारण उनकी मानसिक स्थिति काफी प्रभावित हुई है ।उनके पति भी पैर से दिव्यांग है और उन्होंने ऑटो रिक्शा चलाने के लिए ऋण लिया था । कुछ समय से आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे समय पर अपनी किस्त जमा नहीं कर पा रहे है। अतः उन्हें शासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए । कलेक्टर श्री सिंह ने इस पर श्रम विभाग और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को बुलाया और प्रार्थियां और उनके पति को नियमानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । प्रार्थियां ने कलेक्टर श्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया । उज्जैन निवासी श्री राजकुमुद ने आवेदन दिया कि वे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से भृत्य के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं परंतु उन्हें जीपीएफ फाइनल की राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है । इस पर उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी को प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए । खाचरौद के ग्राम भीकमपुर निवासी श्री चंदरसिंह ने आवेदन दिया की गांव में स्थित उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर आवागमन के मार्ग पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस वजह से उन्हें कृषि कार्य में बहुत कठिनाई हो रही है। उन्होंने इस संबंध में जब अनावेदक से बात की तब उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया । इस पर कलेक्टर ने एसडीएम खाचरौद को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खाचरौद के ग्राम कंचनखेड़ी निवासी श्रीमती पवनबाई ने आवेदन दिया की गांव में स्थित उनके मकान के पास रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा करने की मंशा से उनके मकान की एक तरफ की दीवार और टिनशेड तोड़ दिया गया है तथा प्रार्थियां और उनके पति के साथ मारपीट की गई है ।

### निगम आयुक्त की उपस्थिति में हरसिद्धि, शेर चौराहा पर हटाया अस्थाई अतिक्रमण

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में सफाई, सौंदर्यीकरण, पेंटिंग कार्य, स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक करने एवं गिले एवं सूखे कचरे का अलग अलग निष्पादन कार्य जारी है साथ ही निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में कचरा फैकने वालों का पता लगाकर सम्बन्धित के खिलाफ निरंतर जुमार्ना किये जाने की कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर के चिन्हित क्षेत्रों में सभी 6 जोन के अंतर्गत सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है।

### ग्राम लसूडिया बाजार एवं गुढ़ा में प्राचीन जल स्रोतों का पूजन-अर्चन किया

उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान और गंगा दशमी उत्सव पर गत दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड घट्टिया के रुई सेक्टर के अंतर्गत नवांकुर संस्था सुरभि जन कल्याण समिति के नेतृत्व में ग्राम प्रस्फुटन समिति द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम लसूडिया बाजार में प्राचीन तालाब का पूजन-अर्चन कर ग्रामीण महिलाओं द्वारा जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात संस्था अध्यक्ष श्री रुपेश परमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# मप्र में उपभोक्ता न्याय व्यवस्था पंगु, सरकारें बंद करें आयोग

### आचार्य सत्यम का आरोप, 9 साल बाद खारिज हुआ आरडी गार्डी में लापरवाही का केस, सालों लंबित रह रहे मामले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश उपभोक्ता हितैषी मंच के परामर्शदाता आचार्य सत्यम (सत्यनारायण पुरोहित अधिवक्ता) ने प्रदेश की उपभोक्ता न्याय व्यवस्था को पंगु बताते हुए सरकारों से उपभोक्ता आयोग बंद करने की मांग की है। उनका आरोप है कि राज्य से लेकर जिला स्तर तक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और केंद्र व राज्य सरकारें उपभोक्ताओं को न्याय नहीं देना चाहतीं।

आचार्य सत्यम ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होने के समय न्याय निःशुल्क प्राप्त होता था, लेकिन अब भारी न्यायशुल्क वसूलने के बावजूद न्याय मिलना दूभर हो गया है। राज्य से लेकर जिला आयोगों तक अध्यक्ष और सदस्यों के पद खाली हैं तथा नियुक्तियां समय पर नहीं हो रही हैं। स्थिति यह है कि एक जिला आयोग के अध्यक्ष को चार-पांच जिलों का प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही के एक मामले का हवाला देते हुए बताया कि तीन अवयस्क पुत्रियों की माता वैशाली ने युवावस्था में अपने पति को खो दिया था। वर्ष 2017 से लंबित यह परिवाद 9 साल बाद 26 मई को म.प्र. राज्य उपभोक्ता आयोग भोपाल ने खारिज कर दिया। उनका आरोप है कि आयोग ने दो ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभिमत को नकार कर आरोपित चिकित्सक पर भरोसा जताया, जो प्रथम दृष्टया अन्याय है। आचार्य सत्यम ने जानकारी दी कि पूर्व में उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष चिकित्सकीय लापरवाही के मामले शासकीय मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों को भेजकर शिकायत दर्ज होते ही निराकृत कर देते थे, जिससे पीड़ित पक्ष को लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता था। वर्तमान स्थितियों को लेकर मंच की ओर से राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग तथा विधि मंत्रालयों को आवश्यक कार्रवाई के लिए ज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है।

# एवरेस्ट बेस कैंप की दुर्गम चढ़ाई पूरी कर लौटे शहर के चार वरिष्ठ ट्रेकर

### महामृत्युंजय द्वार पर दल का हुआ भव्य स्वागत, 17 हजार 600 फीट की ऊंचाई पर पूरा किया 15 दिन का ट्रेक



उज्जैन। विश्व के सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप की कठिन और रोमांचकारी यात्रा पूरी कर 26 मई को उज्जैन लौटे यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चार वरिष्ठ सदस्यों का शहर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। महामृत्युंजय द्वार पर संस्था के पदाधिकारियों ने इस सफल अभियान में शामिल शशिकांत वीरकर, डॉ. राजेश योहान, अरुण देशपांडे और श्रीमती अंजलि देशपांडे का सम्मान कर उज्जैन को गौरवान्वित करने पर बधाई दी।

यूथ हॉस्टल उज्जैन यूनिट के अध्यक्ष गोपाल महाकाल ने बताया कि 15 दिवसीय यह ट्रेक लगभग 17,600 फीट की ऊंचाई पर किया गया। यात्रा के दौरान ट्रेकर्स को बर्फ से ढके संकरे रास्तों, तीव्र चढ़ाई, ग्लेशियर, अत्यधिक ठंड, कम ऑक्सीजन स्तर और अचानक बदलते मौसम जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन कठिन परिस्थितियों और जोखिम भरे मार्गों को पार करते हुए बेस कैंप तक की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करना अदम्य साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

संस्था के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने बताया कि यूथ हॉस्टल उज्जैन यूनिट पिछले 40 वर्षों से शहर में ट्रेकिंग, पर्वतारोहण, पर्यावरण जागरूकता और नियमित साइकिलिंग जैसी साहसिक व युवाओं को प्रेरित करने वाली गतिविधियों का सतत संचालन कर रही है। एवरेस्ट बेस कैंप से लौटे सदस्यों का यूथ हॉस्टल के चेयरमैन दिलीप चौहान, अध्यक्ष गोपाल महाकाल, सचिव डॉ. निर्दोष निर्भय, प्रदीप पिंगले, श्रीकांत चौधरी, अमिताभ पंडित, संदीप शर्मा, सीबी सिंह, केसरिया टी, विपुल सहगल, कविता पंडित, साधना वीरकर और सविता बेंजामिन सहित अन्य सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया।

## खबर एक नजर...

### कन्हैयालाल पितलिया का संथारे सहित देवलोकगमन

नीमच। शहर की सायबर फर्म मेसर्स, जय जिनेन्द्र कलेक्शन के संचालक निर्मल पितलिया के पिता श्री कन्हैयालाल पितलिया सुपुत्र स्व कजोड़ीमल पितलिया का ८६ वर्ष की आयु में संथारे सहित मंगलवार दोपहर देवलोकगमन हो गया। श्री पितलिया हंसमुख, मिलनसार, सौम्य, धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के तपोनिष्ठ व्यक्ति थे। वे सदैव साधु संतों के वैयावच्य में अग्रणी रहते थे एवं साधार्मिक भक्ति का भी कोई अवसर नहीं चूकते थे। उन्हों? सम्पूर्ण जीवन परिश्रम किया और अपनी संतानों को संस्कार दिये। आप की धर्म सहायिका एवं दो पुत्रियों ने भीजैन दीक्षा अंगीकर की। बर्तमान में महासतियाजी घोषणा श्रीजी महाराज सा. (धर्म सहायिका) मर्यक्रमणिजी म. सा.है द्य समजाजनों ने शोक सभा मे नम आँखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, चांदी के आभूषण बरामद

मंदसौर। पिपलियामंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद मशरुका की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। जानकारी के अनुसार 26 मई को फरियादी अमजद खान निवासी बाबुखेड़ा ने घर से चांदी के आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर इरशाद पिता इशाक कुरेशी निवासी बाबुखेड़ा से पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन जोड़ी चांदी की पायजेब एवं दो चांदी की चूड़ियां बरामद की हैं।

### कलेक्टर ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग ने नवीन कलेक्टर भवन के सामने स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निर्धारित मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉगबुक एवं प्रवेश रिकॉर्ड का सत्यापन किया। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### भारत विकास परिषद मनाएगी सावरकर जयंती

नीमच। सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद शाखा नीमच स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर जी की जन्म जयंती आज दिनांक 28 मई गुरुवार को प्रातः 8.30 बजे उनकी बघाना में प्रतिमा स्थल पर जो कि परिषद परिवार द्वारा ही लगाई गई है पर माल्यार्पण करेंगे एवं उन्हे स्मरण करेंगे। उपरोक्त जानकारी भारत विकास परिषद शाखा नीमच के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू शक्तावत, सचिव सतीश गोयल द्वारा दी गई।

# अतिक्रमण हटाओ मुहिम के विरोध में व्यापारियों का गुस्सा, रैली निकालकर गांधी चौराहे पहुंचकर दो घंटे धरने पर बैठे

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलियामंडी

नगर में पिछले तीन दिनों से चल रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम के विरोध में बुधवार को व्यापारियों, दुकानदारों और विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक संगठनों का आक्रोश खुलकर सामने आया।

प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को भेदभावपूर्ण और बिना पूर्व सूचना की कार्रवाई बताते हुए बड़ी संख्या में व्यापारियों ने नगर में विरोध रैली निकाली, जमकर नारेबाजी की और बाद में गांधी चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों ने चेतावनी दी कि यदि दुकानदारों के नुकसान की भरपाई नहीं की गई और प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो आगामी दिनों में नगर बंद किया जाएगा।



सुबह नगर के विभिन्न क्षेत्रों से व्यापारी, दुकान दार और नागरिक एकत्रित हुए। इसके बाद सभी ने विरोध रैली निकाली। हाथों में बैनर लेकर प्रदर्शनकारी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रैली गांधी चौराहे पहुंची, जहां पुलिस चौकी और गांधी चौराहे के बीच सड़क पर धरना शुरू कर दिया गया। धरना सुबह लगभग 11 बजे प्रारंभ हुआ, जो दोपहर करीब 1 बजे तक जारी रहा। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारी भीड़ जमा रही और प्रशासन के खिलाफ लगातार नारेबाजी होती रही। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों का कहना था कि नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जिस तरीके से की गई, उससे छोटे व्यापारियों और गरीब दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

धरने पर बैठे दुकानदारों और जन प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन प्रशासन ने बिना नोटिस, बिना सीमांकन और बिना लाइनिंग किए अचानक बुलडोजर चलाकर दुकानों और प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया है, जो पूरी तरह गलत है। व्यापारियों का आरोप था कि प्रशासन ने पहले किसी भी दुकानदार को स्पष्ट सूचना नहीं दी।

यदि समय रहते लाइनिंग कर दी जाती और सीमांकन बता दिया जाता तो व्यापारी स्वयं अपना सामान और निर्माण हटा लेते। लेकिन प्रशासन ने अचानक कार्रवाई कर व्यापारियों को संभलने तक का मौका नहीं दिया। प्रदर्शन कारियों ने आरोप लगाया कि विरोध के दूसरे दिन प्रशासन ने लाइनिंग करवाई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पहले की कार्रवाई जल्दबाजी और अव्यवस्थित तरीके से की गई। उन्होंने यह भी कहा कि कार्रवाई में भेदभाव बरता गया।

### तिलस्वां घाट में हादसा, पिकअप पलटने से 3 की मौत

**नीमच.** जिले के सिगोली क्षेत्र के तिलस्वां घाट में मंगलवार रात करीब 9 बजे फिर पिकअप गाड़ी पलटने की एक दुखद दुर्घटना हो गई द्य जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो अन्य गंभीर घायल सहित अन्य घायल का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार रात राजस्थान धौलपुर की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक आर जे 14 जी एन 6549 तिलस्वां घाट में पलटी खा गई। जिसमें ड्राइवर सहित कुल सवार 7 लोगों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई। तथा 2 गंभीर रूप से घायल हो गए और ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पिकअप में सवार लोग मजदूरी करके धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहे थे तब ही रविवार को हुए बस हादसे वाली जगह पिकअप का संतुलन बिगड़ गया और वह गहरी खाई में गिर गई।

# संगठन विरोधी गतिविधियों पर कार्रवाई, दो किया बाहर

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

राष्ट्रीय गुजराती बलाई समाज में इन दिनों अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वाणिया ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्रसिंह डाबी एवं पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार अर्जुनसिंह हरोड़ को संगठन से निष्कासित कर दिया है। संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दोनों पर संगठन विरोधी एवं संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के खिलाफ महिलाओं द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एक महिला ने दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद संगठन की छवि पर विपरीत असर पड़ने लगा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वाणिया ने दोनों को तत्काल प्रभाव से संगठन से बाहर करने की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संगठन से हटाए जाने के बाद दोनों पूर्व पदाधिकारी लगातार संगठन एवं उसके पदाधिकारियों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। साथ ही समाज में भ्रम फैलाने और संगठन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। वाणिया ने कहा कि दोनों द्वारा उनके बिजनेस पार्टनरों को भड़काकर झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के जिन मामलों को लेकर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं, उन मामलों की कई बार जांच हो चुकी है और शिकायतें निराधार एवं झूठी पाई गई हैं। इसके बावजूद राजनीतिक एवं व्यक्तिगत द्वेषवश पुराने मामलों को फिर से उछाला जा रहा है।

बालूसिंह वाणिया ने स्पष्ट किया कि जिन घटनाओं को लेकर उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं, उस समय वे संगठन के अध्यक्ष पद पर नहीं थे। साथ ही उस अवधि में कैलाश मकवाना भी डीजीपी पद पर पदस्थ नहीं थे। ऐसे में डीजीपी से रिश्तेदारी बताकर ठगी करने जैसे आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत एवं तथ्यहीन हैं।

उन्होंने समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते समाज की एकता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। समाज के लोग ऐसे तत्वों के बहकावे में न आएं और संगठन की आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इधर समाज में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है। संगठन के कई पदाधिकारी और समाजजन खुलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के समर्थन में सामने आए हैं तथा समाज की गरिमा बनाए रखने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर मामले में महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर भी चर्चा बनी हुई है। फिलहाल संगठन स्तर पर कार्रवाई के बाद विवाद और गहराने की संभावना जताई जा रही है।

### यात्रा मे माता-पिता से बीछड़ी तीन वर्षीय बालिका

नीमच। जिले के थाना नीमच सिटी क्षेत्र अंतर्गत जैतपुरा बालाजी मंदिर के पास रेस्टोरेंट में एक 3 वर्षीय बच्ची मिली है, जो परिजन का साथ छूटने से रास्ता भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 27 मई को सुबह 8.29 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल नीमच सिटी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ सउनि अशोक मोड पायलेट तरुण राठौर ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण में लिया, बच्ची परिजन के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही दे पा रही थी।

# पुरुषोत्तम मास में मंदसौर का जीवागंज बना वृंदावन धाम

### प्रतिदिन 20 से 25 हजार श्रद्धालु कर रहे ठाकुरजी के दर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

पुरुषोत्तम मास के दौरान शहर का जीवागंज क्षेत्र इन दिनों वृंदावन धाम जैसा आध्यात्मिक स्वरूप धारण किए हुए है। श्री गोवर्धननाथ मंदिर एवं श्री जगदीश मंदिर में प्रतिदिन रात्रिकालीन विशेष दर्शनों के लिए 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पुरुषोत्तम मास 15 जून तक चलेगा और इसी प्रकार धार्मिक आयोजन एवं श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहेगी।

श्री गोवर्धननाथ मंदिर में पुष्टिमार्गीय वैष्णव परंपरा के अनुसार विविध उत्सवों के मनोहारी दर्शन हो रहे हैं, वहीं श्री जगदीश मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की आकर्षक झांकियां सजाई जा रही हैं। दोनों मंदिरों के बाहर का वातावरण अत्यंत भक्तिमय और अलौकिक दिखाई दे रहा है।



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सीएसपी जितेंद्र भास्कर एवं कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महिला पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। मंदिरों के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव करते हुए कुछ मार्गों को वाहन मुक्त किया गया है।

नगर पालिका द्वारा अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था की गई है तथा प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। राधा कृष्णा ग्रुप द्वारा तांबे के पात्र में तुलसी अर्क और खस सुगंध युक्त पानी श्रद्धालुओं को पिलाया जा रहा है। कई स्थानों पर शीतल पेय, रसना शरबत एवं एकादशी पर साबूदाना खिचड़ी प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है।

# सायर चबुतरा से घांस बाजार तक की सड़क व नाले का होगा निर्माण

### महापौर ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

वार्ड क्रमांक 41 व 42 स्थित सायर चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क व नाले के निर्माण कार्य का भुमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, क्षेत्रिय पार्षद द्वय दिलीप गांधी, हितेश कामरेड तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि सायर चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक की सड़क व नाले का निर्माण १.५२ करोड़ की लागत से किया जायेगा।

उन्होने कहा कि सायर चबुतरा से घांस बाजार बजरंगबली के मंदिर तक की सड़क व नाले निर्माण में आने वाले



अतिक्रमण को हटाया जायेगा इस कार्य में रहवासी व व्यापारी नगर निगम को सहयोग करते हुए अपना अतिक्रमण स्वंय हटा लेवें। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है इस हेतु वे अपने घरो, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालें। भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद पप्पू पुरोहित, अक्षय संघवी, धर्मेन्द्र व्यास, मनोहरलाल राजू सोनी, मोहम्मद सलीम बागवान, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, शक्तिसिंह राठौर, रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, हेमन्त राहोरी, करण वशिष्ठ, पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी, पूर्व पार्षद एहसाल लला खोखर के अलावा अलतेश नागोरी, इमरान खोखर, धर्मेन्द्र मण्डवारिया, नितेश तलेरा, हर्षित गांधी, संजय पालीवाल, अंकुर मालवीय, नासिर, चेतन पावेचा, आयुष परिहार, परवेज भाई सहित क्षेत्रिय नागरिक व व्यापारी उपस्थित थे।

# बनारस की गंगा आरती की तरह मंडलेश्वर घाट पर हुई माँ नर्मदा आरती



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

पिछले 31 वर्षो से नर्मदा घाट मंडलेश्वर पर चली आ रही नर्मदा आरती को गंगा दशमी पर भव्य रूप प्रदान करते हुए बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर किया गया जिसमे आस्था और भक्ति का सैलाब नर्मदा घाट पर देखा गया जिसमे नगर और सुदूर क्षेत्रो से आए भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

स्थानीय माँ नर्मदा आरती मंडल के साथ नगर परिषद और स्थानीय लोगो के सहयोग से आयोजित भव्य माँ नर्मदा आरती का शुभारम्भ गंगा दशमी से हुआ।पहली महाआरती के यजमान माँ नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान, मुकेश श्रीवासना-अंकल, पवन तंवर और प्रदीप ठक्कर ने सपत्निक नर्मदा पूजन अभिषेक और चुनरी अर्पण किया। निर्धारित समय 7.30 बजे पंडित शुभम जोशी के आचार्यत्व में पंडित अंश काशिव और तुषार व्यास ने वैदिक मंत्रो के साथ सबसे पहले शिव आरती की उसके बाद नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया उसके बाद माँ नर्मदा की भव्य महाआरती की गईं।

**रामघाट बना ऐतिहासिक पल का गवाह**

कई धार्मिक आयोजनों और कार्यक्रमों का एक सदी से अधिक समय से साक्षी रहा रामघाट इस बार ऐतिहासिक महाआरती का भी गवाह बना। रामघाट के पास ही भव्य महाआरती के लिए नगर परिषद द्वारा सुंदर साज सज्जा की गई इस हेतु महाआरती के लिए दक्षिण मुखी तीन मंच लगाए गए जहाँ माँ नर्मदा के विग्रह स्थापित किए गए एक मंच पूर्वा मुखी बनाया गया जहाँ माँ नर्मदा आरती मंडल के सदस्य यजमानो ने महाआरती की।रात्रि में विद्युत सजावट से जगमग नर्मदा घाट पर भक्तों की भीड़ महाआरती की एक झलक पाने के लिए मौजूद रही रामघाट से लेकर ऊपर शिव मंदिर,राम मंदिर तक भक्त उपस्थित रहे। इस महाआरती में महिलाओ के कई ग्रुप भी आरती लेकर साथ में महाआरती में सह भागिता कर रही थी विशेषकर युवा लड़कियों और बालिकाओं ने भी महाआरती में अपनी जीवंत उपस्थित दर्ज कराई।

इस भव्य आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे की भूमिका सराहनीय रही उन्ही के विचार को मूर्त रूप मिला अध्यक्ष ने महाआरती को सफल बनाने के लिए पत्रकारों सोशल मिडिया और नगर की धर्म प्रेमी जनता का आभार मानते हुए बताया की इस तरह की महाआरती प्रति अमावस्या और पूर्णिमा को आयोजित की जाएगी अगली माँ नर्मदा महाआरती 31 मई

## भागवत कथा से जुड़ने वाले पर लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है-पं. उमाशंकर

मंडलेश्वर ।जो व्यक्ति श्रीमद भागवत कथा से जुड़ जाता है उस पर हमेशा माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है वह कभी दरिद्र नहीं रहता।उक्त प्रेरक उदगार पंडित उमाशंकर पुराणिक (देवास) ने पवित्र नगरी मंडलेश्वर के राम घाट नर्मदा तट पर स्थित माँ नर्मदा आरती मंडल आश्रम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए।कथा के यजमान जुलवानिया जिला बड़वानी के पवन साहू एवं इंदौर के उत्तम साहू थे। 21 मई से शुरू हुई कथा के समापन अवसर पर कथावाचक पंडित उमाशंकर पुराणिक ने श्रीमद भागवत का सरल अनुवाद करते हुए बताया कि श्री का मतलब होता है लक्ष्मी जो भागवत कथा से जुड़ता है उसे लक्ष्मी कि कृपा मिलती है। मद का मतलब होता है घमंड जो भागवत कथा से जुड़ता है उसका घमंड दूर हो जाता है। भागवत का अर्थ है जो भक्ति मार्ग पर चलने लगे उसे ज्ञान मिलेगा उसे वैराग्य मिलेगा अर्थात उसकी इच्छाओ वासनाओं का दमन होगा और वह भव सागर से तर जाएगा और उसे अंत में भगवान के श्री चरणों में स्थान मिलता है।भागवत कथा के समापन अवसर पर यजमान पवन साहू और उत्तम साहू ने कथा वाचक का सम्मान किया इसके बाद माधुरी प्रेम नारायण साहू, नंदिनी अनिल साहू लीना प्रमोद साहू अरुणा संतोष चौहान ने श्रीमद भागवत जी की आरती की।इस अवसर पर मंडलेश्वर, जुलवानिया और इंदौर के भक्त गण उपस्थित रहे।

# बुरहानपुर में तीन लाख की लूट का खुलासा, पुराने मालिक ने दोस्तों संग रची थी साजिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



निंबोला थाना क्षेत्र के कटी घाटी हाईवे पर ७ मई को हुई ३ लाख रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात को ट्रक के पुराने मालिक ने ही अपने इंदौर के दोस्तों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य अभी फरार हैं।

बुधवार दोपहर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी एएस कनेश ने बताया कि 7 मई को अजय वास्कले ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर कटी घाटी के पास काली कार में सवार चार लोगों ने उनका आयशर ट्रक (डी-01 जी-9963) रोककर 3 लाख रुपये लूट लिए थे। एसपी आशुतोष बागरी के निर्देश पर निंबोला टीआई राहुल कांबले की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर इंदौर तक 15 से अधिक ढाबों, चौकियों और थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान एक बिना नंबर की काली होंडा अमेज मिली। इंदौर कंट्रोल रूम की मदद से कार का नंबर (एमपी 09-बीएच-0860) ट्रेस किया गया।

धार निवासी कार मालिक दिनेश पाटीदार से पूछताछ में पता चला कि उनका दोस्त युग श्रीवास्तव कार ले गया था। युग श्रीवास्तव ने कबूल किया कि वह आवेश मंसूरी, संतोष उर्फ बाबा और मो. अली के साथ 7 मई की सुबह 3 बजे इंदौर से निकला था।

आवेश मंसूरी व्हाट्सएप कॉल के जरिए इंदौर के जुबेर मंसूरी और समीर उर्फ अन्ना से ट्रक की लोकेशन ले रहा था।

जांच में सामने आया कि जुबेर मंसूरी ही ट्रक का पुराना मालिक था और उसने ही लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने मो. अली, युग श्रीवास्तव और जुबेर मंसूरी, सभी इंदौर निवासी, को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आवेश मंसूरी (निवासी चंदन नगर, इंदौर), संतोष उर्फ बाबा (निवासी उदयनगर) और समीर उर्फ अन्ना (इंदौर) अभी फरार हैं। पुलिस की टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## श्री ठाकुर मानव अधिकार परिषद के प्रदेश सचिव बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



मानव अधिकार परिषद (भारत) की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती राजपूत की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर की अनुसंशा से परम गौ भक्त गौ रक्षक गौ सेवक वरिष्ठ समाज सेवक वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रवादी वक्त श्री किशोर सिंह ठाकुर तकन बाबा गायवाला देवगढ़ चोली को मानव अधिकार परिषद (भारत) का प्रदेश सचिव बनाया गया श्री ठाकुर के प्रदेश सचिव बनने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है और सभी क्षेत्रवासियों ने बधाइयां दी बधाई करता श्री शिवशंकर रोकड़े मनोज केवट जितेंद्र वर्मा लोकेश केवट दीपक सिंह तोमर संदीप मकवाना विलास भानु अनिल शर्मा बाबा सुभाष नायक संजू वर्मा नानूराम सेन प्रमोद शर्मा सचिन ठाकुर अश्विन ठाकुर गौतम ठाकुर कुंजेश ठाकुर निलेश ठाकुर लकी बन्ना अभिलाष ठाकुर सचिन मेवाडे देवानंद ठाकुर अक्षय पटेल शुभम ठाकुर राजा सेठी सुमित ठाकुर अभिषेक ठाकुर सावन शेट्टी कुलदीप पटेल दीपक पटेल नटवर यादव राजा मानवारे प्रीतमनाथ योगी राहुल ठाकुर महेंद्र यादव महेश नाथ योगी विवेक ठाकुर देवेंद्र ठाकुर गोविंद ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी।



## गजेंद्र पाटील के जन्मोत्सव पर दादा मित्र मंडल ने किया पौधारोपण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

खंडवा-बुरहानपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद के प्रिय भतीजे, युवा नेता श्री गजेंद्र पाटील गज्जू दादा के जन्मोत्सव पर दादा मित्र मंडल एवं नेपानगर मंडल के युवा साथियों व स्नेहजनों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नेपानगर मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, मंडल महामंत्री राहुल यादव, संजय विजयवर्गीय, विजय यादव, मनोज माहेश्वरी, नितेश वर्मा, विनोद तिवारी, गणेश दुगे, प्रमोद पगारे, दीपक पाटिल, मयूर सोनवने, आकाश काकोड़िया, मोहित हरने, अमर सिंह पवार, उत्तम कैथवास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम नेपानगर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। दादा मित्र मंडल के श्याम वानखेड़े ने बेल पत्र का, गोविंद राजपूत ने नींबू का, वहीं अभय दलवी और आयुष मराठा ने नींबू के पौधे लगाए। कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ‘गज्जू दादा’ को शुभ जन्मोत्सव की बधाई दी।

## जिला सहकारी बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख 58 हजार रुपये का गबन

खरगोन। जिले की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख 59 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आया है। यह मामला शाखा में कैश मिलान के दौरान उजागर हुआ, जिसके बाद बैंक प्रबंधन में हड़कंप मच गया। प्राथमिक जांच के आधार पर बैंक प्रबंधन ने ठिबगांव शाखा के कैशियर रितु गोयल, सहायक गणक त्रयम्बक वाणी तथा शाखा प्रबंधक राजेश राठौर को निलंबित कर दिया है। जिला सहकारी बैंक की प्रबंध संचालक संध्या रोकडे ने कार्रवाई करते हुए तीनों कर्मचारियों के खातों को भी सीज करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि कैशियर रितु गोयल घटना सामने आने के बाद से बिना सूचना शाखा से गायब है और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। एमडी संध्या रोकडे ने विभागीय जांच के लिए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू करवा दी है। फिलहाल बैंक प्रबंधन और पुलिस मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# मनासा में गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले के ?मनासा मे प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'जल संवर्धन अभियान' के तहत, नगर परिषद मनासा द्वारा दिनांक २६ मई को राम तलाई पर गंगा दशहरा पर्व का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया*

इस अवसर पर जहां एक ओर गंगा आरती की दिव्य छटा बिखरी, वहीं दूसरी ओर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया ?₹जल है तो कल है₹ झ विधायक अनिरुद्ध माधव मारू

?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनासा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने जल की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि ₹जल है तो कल है₹ और जल को बचाना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे अपने आसपास जीव-जंतुओं और गौमाता के लिए पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि भीषण गर्मी में किसी भी बेजुबान को प्यासा न रहना पड़े स्वच्छता और जल संचयन का आह्वान ?नगर परिषद मनासा की अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा कि मंदिरों की नगरी मनासा को साफ और स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि पानी को व्यर्थ न बहाएं और अपने क्षेत्र के कुओं व बावड़ियों की समय-समय पर सफाई करना सुनिश्चित करें, ताकि जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस पुनीत आयोजन में जिला भाजपा उपाध्यक्ष आशीष सारंडा, जिला भाजपा मंत्री अश्विनी सोनी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चंद्रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए ?कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय पाटीदार, पार्षद राजु माली, प्रवीण जोनवाल, दशरथ खाटवा, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र मारू, बंटी सहगल, लालचंद राठौर, सचिन राठौर, एल्डरमैन बाबू विजयवर्गीय, अनिल राठौर, महेश व्यास, विकास कछावा, पूर्व पार्षद पंकज पोरवाल, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र सोनी, जितेंद्र पोरवाल, दशरथ प्रजापति, नगर परिषद इंजीनियर रविश कादरी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने किया और आभार नगर परिषद मनासा उपाध्यक्ष किशोर जोलनिया मना है।

## किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपत आंजना के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तपोभूमि पर किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच एवं किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर, किसान मोर्चा प्रभारी गणपत आंजना, मन की बात के जिला प्रभारी आदित्य मालू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा मोडी ने संबोधित किया। सर्वप्रथम भारत माता, डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की गई। स्वागत उद्बोधन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा ने दिया। मन की बात प्रभारी आदित्य मालू ने अपने उद्बोधन में सभी बूथ पर एवं शक्ति केन्द्र पर 100 मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु टैलेंट सर्च शुरू,

बड़वानी। शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर बड़वानी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 बड़वानी के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत मिनी वर्ग में कक्षा 6वीं , कक्षा 7वीं व कक्षा 8वीं , जूनियर वर्ग में कक्षा 9वीं व कक्षा 10वीं तथा सीनियर वर्ग के लिए जन्म तिथि वर्ष 2010 होना आवश्यक है, अंतिम चयन बैटरी टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा।



## मुंबई एयरपोर्ट पर दिखे सनी और पूजा देओल

**बेटे की शादी के बाद अब साथ दिखा कपल, सनी पैपराजी से बोले- थोड़ी देर छोड़ दो यार**

अभिनेता सनी देओल अपनी पत्नी पूजा देओल के साथ मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। दोनों को बहुत कम मौकों पर एक साथ देखा जाता है। इससे पहले कपल को 2023 में उनके बेटे करण देओल की शादी में एक साथ देखा गया था।

एयरपोर्ट पर सनी देओल अपनी पत्नी के लिए इंतजार करते और उन्हें सम्मान के साथ आगे जाने का रास्ता देते दिखे। इस दौरान पैपराजी लगातार दोनों की फोटो क्लिक कर रहे थे। यह देख सनी देओल ने पैपराजी से कहा थोड़ी देर के लिए तो छोड़ दो यार।

एयरपोर्ट पर दिखा जेंटलमैन अंदाज मुंबई एयरपोर्ट से सामने आए वीडियो में सनी देओल ऑलिव ग्रीन शर्ट, ब्लू जींस, सफेद स्नीकर्स और काले चश्मे में नजर आए। उनके हाथ में एक छोटा ट्रैवल बैग भी था। वहीं उनकी पत्नी पूजा देओल ने बेज रंग की शर्ट और ब्लैक पैंट पहनी हुई थी। एयरपोर्ट पर गाड़ी से उतरने के बाद सनी देओल तेजी से आगे बढ़े, लेकिन सिक्योरिटी गेट पर पहुंचकर वे रुक गए। उन्होंने वहां खड़े होकर उन्होंने अपनी पत्नी पूजा का इंतजार किया। जब पूजा वहां पहुंचीं, तो सनी ने उन्हें पहले आगे जाने का रास्ता दिया। हमेशा अपनी प्राइवेसी बनाए रखता है कपल सनी देओल और पूजा देओल अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते हैं। दोनों की शादी 1980 के दशक में हुई थी। यह वह समय था जब सनी देओल फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार नहीं बने थे। पति की इतनी बड़ी कामयाबी और स्टारडम के बावजूद पूजा देओल ने हमेशा मीडिया से दूरी बनाए रखी। वे किसी भी फिल्मी पार्टी या इवेंट में नजर नहीं आती हैं।

# शादी के 10 साल बाद मां बनीं दिव्यांका त्रिपाठी...

**41 की उम्र में जुड़वा बेटों को जन्म दिया, अनाउंस कर लिखा- मेरे करण-अर्जुन आ गए**





टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बनी हैं। उन्होंने मंगलवार को मुंबई में जुड़वा बेटों को जन्म दिया है। एक्ट्रेस और उनके पति विवेक दाहिया ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को ये खुशखबरी दी है।

दिव्यांका-विवेक ने आधिकारिक सोशल मीडिया में कोलेब पोस्ट जारी कर लिखा, आखिरकार इंतजार खत्म हो चुका है। हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी अब पहले से भी ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए। आगे कपल ने लिखा है, ह्यदिव्यांका और मुझे पेरेंटहुड के नए खूबसूरत सफर को शुरू करने के लिए आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरुरत है। शेयर की तस्वीर में लिखा गया है, हमने भगवान से खुशियां मांगीं और भगवान ने कहा, डबल ले लो। हमें जुड़वा बच्चे हुए हैं।

### मार्च में की थी प्रेग्नेंसी अनाउंस

दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक ने मार्च में फैंस को गुड न्यूज दी थी। एक्ट्रेस ने बेबी बंप की तस्वीरों के साथ लिखा था, 10 साल बाद कहानी में आया सबसे खूबसूरत ट्विस्ट। कुछ सफर जल्दी पूरे करने के लिए नहीं होते। वो साथ-साथ तैयार होने के लिए होते हैं। और जब आपको लगता है कि आपकी कहानी पूरी हो चुकी है। तभी जिंदगी उसमें सबसे खूबसूरत अध्याय जोड़ देती है। अब भी यकीन नहीं हो रहा। बिना वजह मुस्कुरा रहे हैं। दिल में सिर्फ शुक्र और खुशी है। हम माता-पिता बनने वाले हैं।



### टीवी के शो के सेट में हुआ प्यार और कर ली शादी

दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दाहिया की मुलाकात टीवी शो ये है मोहब्बतें के सेट पर हुई थी। दोनों शो के लीड एक्टर्स थे। साथ काम करते हुए दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे और फिर जनवरी 2016 में कपल ने सगाई की। सगाई के 5 महीने बाद जुलाई 2016 में दिव्यांका और विवेक की शादी भोपाल में हुई। दिव्यांका त्रिपाठी को टीवी शो बनूं मैं तेरी दुल्हन से देशभर में पहचान मिली थी। इसेक बाद वो ये हैं मोहब्बतें में दिखीं। टीवी शोज के अलावा दिव्यांका कई रियलिटी शो, कई वेब सीरीज और फिल्मों का भी हिस्सा रही हैं।



## लुधियाना मेयर ऑफिस दिलजीत दोसांझ का घर उड़ाने की धमकी

**अफसरों को धमकी भरा ईमेल, निगम दफ्तर खाली करवाया; केएनए ने ली जिम्मेदारी**

लुधियाना नगर निगम के उच्च अधिकारियों को एक धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। ईमेल में लुधियाना की मेयर इंदरजीत कौर के ऑफिस और मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के घर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह ईमेल सोमवार सुबह नगर निगम कमिश्नर और अन्य सरकारी आईडी पर भेजी गई है।

**क्या लिखा है धमकी भरे ईमेल में-** सुबह करीब 7:28 बजे आई ईमेल आईडी का सब्जेक्ट "B"0mb Blast - Mayor Office Ludhiana!" रखा गया है। ईमेल में धमाकों का समय भी निर्धारित किया गया है। दोपहर 1:11 बजे लुधियाना मेयर पर हमले की धमकी दी गई है। इसके साथ ही रात 9:11 बजे दिलजीत दोसांझ के घर पर धमाके की चेतावनी दी गई है।

**1984 के दंगों का जिक्र, 6 जून तक का अल्टीमेटम-** ईमेल में 1984 के सिख दंगों का हवाला देते हुए ₹खून का बदला खून₹ से लेने की बात लिखी गई है। धमकी देने वालों ने लिखा कि 6 जून तक बम धमाकों के जरिए निशाना बनाया जाएगा।

**किसने भेजी है यह धमकी-** ईमेल के अंत में इसे 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' की तरफ से भेजा गया बताया गया है। इसमें दो नाम लिखे गए हैं:

**पुलिस विभाग और साइबर सेल पूरी तरह अलर्ट-** धमकी के बाद पुलिस महकमा और साइबर सेल अलर्ट है। ईमेल के आईपी एड्रेस और सेंडर को ट्रेस करने की त्वरित जांच शुरू कर दी गई है। मेयर कार्यालय और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा कड़ी किए जाने की संभावना है।

**अपकमिंग फिल्मों-सीरीज समेत सेंसिटिव कंटेंट था, लीक होने का खतरा, करोड़ों का नुकसान होगा, एक गिरफ्तार**

# जोया अख्तर के ऑफिस से 66 हार्ड डिस्क चोरी

जिंदगी न मिलेगी दोबारा, गली बॉय और दिल धड़कने दो जैसी कई बेहतरीन फिल्में बनाने वालीं डायरेक्टर और फरहान अख्तर की बहन जोया अख्तर के ऑफिस में चोरी की बड़ी घटना हुई है। उनके ऑफिस से 66 हार्ड डिस्क चोरी हुए हैं, जिनमें अपकमिंग कई फिल्मों और वेब सीरीज के फुटेज थे। जोया अख्तर की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है, जबकि एक अब भी फरार है।

इंडिया टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, घटना 21 मई की है। जोया अख्तर और रीमा कागती के प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी फिल्म्स के बांद्रा वेस्ट स्थित कंपनी ऑफिस के कुछ एंप्लॉय्ज, कुछ फुटेजेस देखने के लिए हार्ड डिस्क ढूंढ रहे थे। काफी तलाश के बाद भी हार्ड डिस्क नहीं मिली। स्टोरेज कैबिनेट की जांच करने पर सामने आया कि कई बॉक्स खाली हैं और कई हार्ड डिस्क टूटी हुई हैं। बाद में सामने आया कि 66 हार्ड डिस्क वहां हैं ही नहीं।



चोरी की पुष्टि होने के बाद कंपनी की एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट और एचआर मेहजबीन मुश्ताक शेख ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में कंपनी ने ही दो कर्मचारियों मोहम्मद शाहिद अजीम खान और रितेश के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

### करोड़ों का डाटा 15-20 हजार में बेचा

- मोहम्मद शाहिद ने पुलिस पूछताछ में चोरी के आरोप कबूल कर लिए हैं। उसके बयान के अनुसार, 5 महीने पहले उसने 24 हार्ड डिस्क चुराईं और बोरिवली निवासी रितेश को 15-20 हजार रुपए प्रति हार्ड डिस्क बेचीं। रितेश फिलहाल फरार है, पुलिस अन्य हार्ड डिस्क की तलाश में है।
- पुलिस शिकायत के अनुसार, प्रोडक्शन हाउस के ऑफिस में कुल 119 हार्ड डिस्क थीं, इनमें से 66 गायब हैं, जिनमें 16-72 टीबी की कैपेसिटी वाली हाई स्टोरेज डिवाइज शामिल हैं। इन हार्ड डिस्क में प्रोडक्शन हाउस की अपकमिंग फिल्मों के फुटेज, एडिटिंग कंटेंट, पोस्ट प्रोडक्शन फाइल्स, एड्स की फुटेजेस हैं।
- अगर ये फुटेज लीग होती हैं या डिलीट की जाती हैं, तो प्रोडक्शन हाउस को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ सकता है।
- रिपोर्ट के अनुसार, चोरी हुईं हार्ड डिस्क में प्रोडक्शन की फिल्मों और सीरीज मेड इन हेवन, घोस्ट स्टोरीज, नायका और गांधी मनी का कंटेंट भी था। इनके अलावा कुछ डिस्क में सेंसिटिव रॉ कंटेंट था।
- जोया अख्तर के बारे में- जोया अख्तर, मशहूर लिरिसिस्ट जावेद अख्तर और पहली पत्नी हनी ईरानी की बेटी हैं। एक्टर फरहान अख्तर उनके भाई और फराह खान उनकी कजिन हैं।
- जोया अख्तर ने दिल चाहता है और लक्ष्य जैसी फिल्मों में बतौर कास्टिंग डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव काम करने के बाद 2009 की फिल्म लक बाय चांस से डायेक्टोरियल डेब्यू किया था। ये फिल्म हिट रही, जिसके लिए जोया को बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आगे उन्होंने जिंदगी न मिलेगी दोबारा, बॉम्बे टॉकीज (एक पार्ट), दिल धड़कने दो, गली बॉय जैसी कई बेहतरीन फिल्में डायरेक्ट की हैं।



# सूर्यवंशी आईपीएल में 600 रन बनाने वाले यंगेस्ट प्लेयर

## 5वीं बार 20 से कम गेंदों में फिफ्टी लगाई, एक सीजन में 65 सिक्स भी लगाए

ब्रह्मास्त्र ›› न्यू चंडीगढ़

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हराकर क्वालिफायर-2 में जगह बना ली। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में रिकॉर्ड्स का दिन वैभव सूर्यवंशी के नाम रहा ।

सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में 600 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उनके नाम अब 65 सिक्स हो गए हैं। वैभव ने सिर्फ 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया। आईपीएल में यह पांचवीं बार रहा, जब उन्होंने 20 या उससे कम गेंदों में फिफ्टी लगाई।




- **एक आईपीएल सीजन में 600+ रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज-** 15 साल के वैभव ने 97 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने इस सीजन अपने 600 रन भी पूरे किए। वे आईपीएल के एक सीजन में 600 या उससे अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम था, जिन्होंने 20 साल की उम्र में 2018 में यह कीर्तिमान हासिल किया था।
- **पांचवीं बार आईपीएल में 20 से कम गेंदों पर फिफ्टी लगाई-** वैभव ने 16 गेंद में फिफ्टी के साथ आईपीएल में 5वीं बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक जड़ा है। वे निकोलस पूरन के साथ संयुक्त रूप से इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पहले स्थान पर अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने 6 बार यह कारनामा किया है।
- **एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बने-** वैभव ने एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने 12 छक्कों की पारी के दौरान सातवां सिक्स लगाते ही गेल के 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने 2012 में बेंगलुरु के लिए खेलते हुए 59 छक्के लगाए थे।
- **वैभव ने में रैना की बराबरी की-** वैभव ने 16 गेंद में फिफ्टी पूरी की। इस पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले यह रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के सुरेश रैना के नाम था, जिन्होंने 2014 में पंजाब किंग्स के खिलाफ वानखेड़े में 16 गेंद में फिफ्टी लगाई थी।
- **आईपीएल पावरप्ले में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने-** वैभव ने मुल्लंपुर में पावरप्ले में अपना पांचवा 50+ का स्कोर बनाया। वे आईपीएल में पावरप्ले में सबसे ज्यादा बार पचास या उससे अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। पहले नंबर पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने पावरप्ले में 6 बार 50+ स्कोर किया था।
- **एक आईपीएल पारी के पावरप्ले में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बने-** वैभव ने पावरप्ले के दौरान 8 छक्के जड़े। इसके साथ ही वे आईपीएल की एक पारी के पहले 6 ओवर में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनथ जयसूर्या, जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 7-7 छक्कों दर्ज हैं। वैभव ने भी इसी सीजन लीग मैच में भी हैदराबाद के खिलाफ पावरप्ले में 7 सिक्स लगाए थे।
- **एक आईपीएल सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने-** वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ पावरप्ले में 23 गेंद पर 71 रन बनाए। वे आईपीएल की एक सीजन में सबसे ज्यादा 490 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यह रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में हैदराबाद के लिए पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।
- **आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा बार 10+ छक्के लगाने में गेल की बराबरी की-** वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ अपनी पारी में 12 छक्के जड़े। यह चौथी बार है, जब उन्होंने एक ही पारी में 10 या उससे अधिक छक्के लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल की बराबरी, जिन्होंने 4 बार यह कारनामा किया है।
- **आईपीएल प्लेऑफ की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज-** वैभव 12 सिक्स की इस पारी के साथ ही आईपीएल प्लेऑफ की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले यह रिकॉर्ड शुभमन गिल के नाम था, जिन्होंने 2023 प्लेऑफ में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर 10 छक्के लगाए थे।
- **आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय-** वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। मैच में 12 छक्के लगाते हुए उन्होंने इस साल हैदराबाद के खिलाफ लगाए 12 सिक्स के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की। वैभव के बाद मुरली विजय हैं, जिन्होंने 2010 में राजस्थान के खिलाफ 11 सिक्स लगाए थे।
- **एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड बल्लेबाज-** वैभव ने 97 रन की पारी के साथ इस सीजन अब तक 680 रन बना दिए हैं। वे आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड बल्लेबाज बन गए हैं। पहले यह रिकॉर्ड उनके ही साथी ओपनर यशस्वी जायसवाल के नाम था, जिन्होंने 2023 में राजस्थान के लिए 625 रन बनाए थे।
- **300+ स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने-** वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ 334.48 के स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। वे आईपीएल में 300 या उससे अधिक के स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 3 बार 50+ का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने निकोलस पूरन और जेक फ्रेजर-मैकगर्क का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिन्होंने 2-2 फिफ्टी या उससे ज्यादा रन बनाए थे।
- **आईपीएल प्लेऑफ में दूसरा सबसे बड़ा टीम टोटल बना-** राजस्थान ने हैदराबाद के खिलाफ 8 विकेट खोकर 243 रन बनाए। यह आईपीएल प्लेऑफ का दूसरा सबसे बड़ा टीम टोटल है। पहले नंबर पर बेंगलुरु है, जिन्होंने इसी सीजन क्वालिफायर-1 में गुजरात के खिलाफ 5 विकेट पर 254 रन का बनाए थे।
- **आईपीएल प्लेऑफ की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली टीम-** राजस्थान ने मुल्लांपुर के मैदान पर अपनी पारी में रिकॉर्ड 17 छक्के जड़े। वे आईपीएल प्लेऑफ की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के रिकॉर्ड की बराबरी की। मुंबई ने 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुल्लांपुर में ही 17 छक्के लगाए थे।

# सिर्फ वैभव मेरा रिकॉर्ड तोड़ सकता था : क्रिस गेल

## वो भारत का बड़ा खिलाड़ी बनेगा, आईपीएल में सूर्यवंशी के 65 सिक्स, सबसे तेज शतक से चूके




ब्रह्मास्त्र ›› पटना

मैंने पहले ही कहा था कि अगर कोई मेरा रिकॉर्ड तोड़ सकता है, तो वह सिर्फ वैभव सूर्यवंशी ही होंगे। आज मुझे बेहद खुशी है कि वैभव सूर्यवंशी ने एक ही सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का मेरा रिकॉर्ड तोड़ दिया। महज 15 साल की उम्र में ऐसा करना आसान नहीं है और इतनी कम उम्र में दुनिया में किसी ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की। ये कहना है वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का।

आईपीएल में राजस्थान की ओर से खेलने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने बुधवार को एलिमिनेटर मुकाबले में क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने 2012 में आईपीएल के एक सीजन में 59 छक्के जमाए थे। जबकि सूर्यवंशी ने इस सीजन 65 छक्के लगाए। 65 छक्के के साथ वैभव आईपीएल के इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी देख क्रिस गेल भी उनके मुरीद हो गए। इंडियन स्पोर्ट्स नेटवर्क के मुताबिक, गेल ने कहा, वैभव सूर्यवंशी एक असाधारण प्रतिभा हैं। उनके जैसी प्रतिभा न सिर्फ मैंने, बल्कि मेरे जैसे कई खिलाड़ियों ने भी अपने जीवन में बहुत कम देखी है। इउउक को उनका खास ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि वह भारत के लिए भविष्य में बहुत बड़ी संपत्ति साबित हो सकते हैं। क्या निडर खिलाड़ी हैं। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में 600 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोनि सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

संपूर्ण समस्या का शीघ्र समाधान
ज्योतिषाचार्य पं. अमित तिवारी
हस्त रेखा एवं रत्न विशेषज्ञ
पीताम्बरा ज्योतिष अनुसंधान एवं ज्योतिष अध्ययन केन्द्र
कालसर्प दोष, पितृदोष एवं मंगलदोष का पूर्णतः निवारण
पीताम्बरा अनुष्ठान तांत्रिक विधान, महामृत्युंजय जप, रुद्रा अभिषेक नवग्रह शान्ति, जन्म पत्रिका, अंगारेश्वर, भात पूजा (मंगल शान्ति) आदि समस्त मांगलिक कार्य के लिए सम्पर्क करें
पता- ऑ. नं. 4, नगर निगम काम्प्लेक्स, केलकर परिसर के सामने, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.)
93016-45907, 99264-10008
Email-astroamit5tiwari21@gmail.com

REALMAKER
जल्दी आए जल्दी पाए
एक सुंदर आशियाना
अपने सपनों का घर
FLATE FOR SALE
IN DEWAS ROAD UJJAIN
सिर्फ रु 11,51000 में 1 BHK FLATS
Property Features
Balcony
Living Room
Kichen Room
Bed Room
BOOK NOW
Super Build Up Area 421 Sq. Ft.
राजेश सूर्यवंशी
+918982745307
दिनेश मालवीय
मो. 9981855639

देवास बदनावर फोरलेन पर नवीन प्रतिष्ठान
मेरिडियन फ़ूड कोर्ट रेस्टोरेंट
का दादा दयालु श्री नारायण यादव के करकमलों द्वारा.....
शुद्ध शाकाहारी भोजन
एवं स्वादिष्ट भोजन
MERIDIAN
FOOD COURT
हमारा स्वाद....आपका विश्वास....
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
97 1344 9549
लोकेशन के लिए
स्कैन करें
कुंवारिया, देवास बदनावर फोरलेन रोड, तपोभूमि से देवास तरफ 1 Km., उज्जैन

1 से 4 जून तक

# भारत दौरे पर आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक भारत आएगा। दोनों देश अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने और बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत तेज करने की तैयारी में हैं। इससे पहले की बैठकों में बाजार पहुंच, टैरिफ से अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी। पढ़िए रिपोर्ट-

व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक भारत दौरे पर आएगा। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं। साथ ही व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बातचीत को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

**अप्रैल की वाशिंगटन डीसी में बैठक से मिली गति-** यह दौरा अप्रैल में हुई उच्च स्तरीय बैठकों की ही अगली कड़ी है। अप्रैल महीने में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वाशिंगटन डीसी का दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अंतरिम समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए आमने-सामने विस्तृत चर्चा हुई थी। व्यापारिक संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए सात फरवरी को एक अहम कदम उठाया गया था, जब भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी किया था। इस बयान में पारस्परिक और लाभकारी व्यापार से जुड़े अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय की गई थी।

## आबादी, क्षेत्रफल से जीडीपी तक में पीछे, फिर शेयर बाजार क्यों आगे?

# भारत से कैसे ज्यादा हुआ ताइवान का मार्केट कैप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत क्षेत्रफल में ताइवान से लगभग 91 गुना बड़ा है और आबादी के मामले में करीब 60 गुना बड़ा है। इसके अलावा भारत जीडीपी के मामले में भी ताइवान से चार गुना से ज्यादा बड़ा है। हालांकि, इन अंतर के बावजूद ताइवान के एआई और चिप निर्माण के क्षेत्र की वजह से उसका मार्केट कैप भारत से आगे निकल गया है।

ताइवान के शेयर बाजार ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। इस छोटे से द्वीप के शेयर बाजार में सोमवार को जबरदस्त उछाल देखा गया। यह उछाल इतना ज्यादा रहा कि एक ही बार में ताइवान के स्टॉक मार्केट की कीमत भारत के शेयर बाजार से ज्यादा हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दिन ताइवान का शेयर बाजार करीब 4.95 ट्रिलियन डॉलर वैल्यू का हो गया, जबकि भारत का शेयर बाजार लगातार गिरावटों के कुछ सिलसिलों की वजह से 4.92 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है। वह भी तब जब सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में ही तेज बढ़त देखी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि ताइवान के शेयर बाजार का मार्केट कैप इस वैल्यू तक तब पहुंच गया है, जबकि उसकी अर्थव्यवस्था भारत के मुकाबले चार गुना से ज्यादा छोटी है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर भारत और ताइवान में आबादी, क्षेत्रफल और आर्थिक मानकों में कितना अंतर है? ताइवान का शेयर बाजार इन अंतरों के बावजूद भारत के शेयर बाजार से आगे कैसे निकल गया है? मौजूदा समय में दुनिया के शेयर बाजारों की मार्केट वैल्यू क्या है? भारत के शेयर बाजारों को हालिया दिनों में झटका क्यों लगा है? आइये जानते हैं...

भारत और ताइवान में आबादी, क्षेत्रफल और आर्थिक मानकों में कितना अंतर है?

**आकार और आबादी:** भारत क्षेत्रफल में ताइवान से लगभग 91 गुना बड़ा है और आबादी के मामले में करीब 60 गुना बड़ा है।

**जनसंख्या घनत्व:** भले ही भारत की आबादी बहुत ज्यादा है, लेकिन ताइवान का आकार छोटा होने के कारण वहां का जनसंख्या घनत्व भारत से काफी अधिक है। वहां प्रति वर्ग किलोमीटर में भारत के मुकाबले लगभग 222 लोग ज्यादा रहते हैं।

**अर्थव्यवस्था:** कुल अर्थव्यवस्था (जीडीपी) के मामले में भारत ताइवान से काफी आगे है। भारत की अर्थव्यवस्था मौजूदा समय में ताइवान से 425 फीसदी बड़ी है। हालांकि, अगर दोनों देशों की आबादी के अनुपात को देखें, तो ताइवान की प्रति व्यक्ति जीडीपी भारत से काफी अधिक बैठती है। इसकी वजह ताइवान की कम आबादी और बेहतर आर्थिक प्रगति है।



### 1. एआई और चिप निर्माण में बेहतरीन प्रदर्शन

ताइवान के शेयर बाजार की इस तेजी का सबसे बड़ा कारण दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निमार्ता कंपनी– ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) है। एआई को लेकर दुनिया भर में बढ़ती मांग के बीच इस साल टीएसएमसी के शेयरों में 49% का उछाल आया है। ताइवान के बेंचमार्क इंडेक्स में अकेले टीएसएमसी की हिस्सेदारी लगभग 42% है, जो ताइवान के बाजार को एआई क्रांति का सीधा फायदा पहुंचाता है।

### 2. टेक हार्डवेयर कंपनियों का दबदबा

ताइवान का बाजार मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी (टेक) हार्डवेयर कंपनियों पर केंद्रित है, जो वर्तमान में वैश्विक एआई निवेश चक्र के बिल्कुल केंद्र में हैं। जिन देशों के शेयर बाजारों में टेक हार्डवेयर कंपनियों की कमी है, वे अब ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से पिछड़ रहे हैं।

### 3. ताइवान के नए अनुकूल नियम

ताइवान के वित्तीय नियामक ने हाल ही में घरेलू निवेश फंडों के नियमों में ढील दी है। नए नियमों के अनुसार, अब घरेलू फंड किसी एक सूचीबद्ध कंपनी में अपनी शुद्ध संपत्ति का 25% तक निवेश कर सकते हैं (पहले यह सीमा 10% थी), बशर्ते उस कंपनी का इंडेक्स में वेटेज 10% से अधिक हो। वर्तमान में केवल टीएसएमसी इस मानक को पूरा करती है। जेपी मॉर्गन चेस के मुताबिक, इस कदम से ताइवान के बाजार में छह अरब डॉलर से ज्यादा का नया फंड आ सकता है।

### ताइवान का शेयर बाजार भारत के शेयर बाजार से आगे कैसे निकला?

यूं तो भारत की अर्थव्यवस्था का आकार ताइवान की तुलना में बहुत बड़ा है, फिर भी ताइवान का शेयर बाजार 4.95 ट्रिलियन डॉलर के कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के मामले में भारत (4.92 ट्रिलियन डॉलर) को पीछे छोड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। इस बड़े उलटफेर की सबसे बड़ी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चिप्स निर्माण के क्षेत्र में ताइवान का अग्रणी शक्ति के तौर पर आगे निकलना है। इसके अलावा ताइवानी टेक कंपनियों का दबदबा और बीते कुछ समय में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।

### भारत के शेयर बाजार में गिरावट कैसे बनी ताइवान के आगे निकलने की वजह?

विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की भारी निकासीः ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक निवेशकों ने इस साल भारतीय इक्विटी से लगभग 24 अरब डॉलर निकाल लिए हैं और उस पूंजी को ताइवान और दक्षिण कोरिया में एआई-कंपनियों से लाभ के लिए स्थानांतरित कर दिया है।

- **एआई से जुड़ी कंपनियों की कमीः** भारत में ऐसी कंपनियों की मौजूदगी सीमित है, जो सीधे तौर पर एआई इकोसिस्टम के विस्तार से जुड़ी हों। इसके उलट इस बात का डर सता रहा है कि एआई बूम भारतीय आईटी सेक्टर के मौजूदा बिजनेस मॉडल को नुकसान पहुंचा सकता है।
- **भू-राजनीतिक तनावः** मार्च की शुरूआत से ही अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक संघर्ष और अनिश्चितता का निवेशकों की धारणा पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा अमेरिका की तरफ से लगातार रूस और ईरान से व्यापार को लेकर टैरिफ की धमकियों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण भी बाजार में बिकवाली देखी गई है।
- **आर्थिक दबावः** भारतीय बाजार ऊंचे वैल्यूएशन, कमजोर होते रुपये, ऊर्जा की बढ़ती लागत (ईंधन के दाम) और कॉरपोरेट आय बढ़ोतरी के धीमे होने जैसी चिंताओं से जूझ रहा है। इसके चलते एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत का वेटेज भी 19% से गिरकर 12% के आसपास आ गया है।
- यानी संक्षेप में कहें तो ताइवान ने एआई और हार्डवेयर निर्माण में अपनी तकनीकी एकाधिकार का फायदा उठाया है, जबकि भारत महंगे वैल्यूएशन और विदेशी फंड्स के बाहर जाने के कारण इस दौड़ में थोड़ा पिछड़ा है।

### मौजूदा समय में दुनिया के शेयर बाजारों की मार्केट वैल्यू क्या है?

ताइवान की यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है, क्योंकि वैल्यू बढ़ने के साथ ही उसका शेयर बाजार अब दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उसके आगे सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और हॉन्गकॉन्ग के शेयर बाजार ही हैं। पहले यह स्थान भारत के पास था, जो कि अब शेयर मार्केट वैल्यू में छठे स्थान पर आ गया है।

ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद

# एशियाई बाजारों और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। तेल की कीमतें भी प्रभावित हुईं, जबकि ट्रंप ने शांति वार्ता को लेकर आशा व्यक्त की।

अमेरिकी सेना की ओर से दक्षिणी ईरान में किए गए हमलों के बाद मंगलवार को एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। इन हमलों में मिसाइल लॉन्च स्थल और खदानें बिछाने वाली नावें शामिल थीं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि युद्ध समाप्त करने की बातचीत सही दिशा में चल रही है।

अमेरिकी सेना ने सोमवार को हुए इन हमलों को ईरानी सेना से अपने सैनिकों की रक्षा के लिए बताया। उन्होंने ईरान के साथ संघर्ष विराम के कारण संयम बरतने की बात कही, जिस पर ईरान ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी। ईरान के साथ शांति वार्ता की स्थिति स्पष्ट न होने से बाजार विभिन्न घटनाक्रमों से प्रभावित हुए हैं।

एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने कहा कि बाजार ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे ईरान के साथ समझौता हो चुका है। जबकि कठिन मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। वाशिंगटन आशावादी संकेत दे रहा है, जबकि तेहरान किसी समझौते को मानने को तैयार नहीं है।




**दुनिया के बाजार का क्या हाल-** टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक 0.4 फीसदी गिरकर 64,897.64 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.3 फीसदी बढ़कर 25,668.55 पर पहुंच गया। शंघाई कंपोजिट सूचकांक 0.7 फीसदी गिरकर 4,122.87 पर बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 2.9 फीसदी उछलकर 8,075.71 पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 सूचकांक 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ 8,653.80 पर रहा।

**तेल बाजार पर प्रभाव-** कच्चा तेल 5.01 डॉलर या 4 फीसदी से अधिक गिरकर 91.59 डॉलर प्रति बैरल हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.57 डॉलर बढ़कर 94.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को यह लगभग पांच डॉलर गिरा था। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना तेल की कीमतों की दिशा तय करेगा। युद्ध के कारण इसके बंद होने से तेल टैंकर फारस की खाड़ी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

**वैश्विक बाजारों का रुख-** सोमवार को मेमोरियल डे अवकाश के कारण अमेरिकी बाजार बंद थे, जबकि यूरोपीय शेयर बाजारों में बढ़त दर्ज की गई। फ्रांस का सीएसी 40 सूचकांक 1.1 फीसदी बढ़ा और जर्मनी का डीएएक्स सूचकांक 1.0 फीसदी चढ़ा। ब्रिटेन का एफटीएसई 100 सूचकांक 0.2 फीसदी मजबूत हुआ। क्षेत्रीय अधिकारियों ने रविवार को कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते के करीब है। इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान की ओर से अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम का भंडार छोड़ना शामिल है।

उत्पादन घटने के डर से बढ़े दाम

# बायोफ्यूल में सोयाबीन का इस्तेमाल बढ़ा, वैश्विक आपूर्ति प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोयाबीन और सोयामील की कीमतों में तेज उछाल से भारतीय निर्यातकों ने 25,000 टन सोयामील निर्यात सौदे रद्द कर दिए। वहीं, आपूर्ति संकट और बढ़ती मांग के चलते अफ्रीकी देशों से 80,000 टन सोयाबीन आयात किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष सोयाबीन आयात रिकॉर्ड आठ लाख टन तक पहुंच सकता है।

पिछले एक महीने में घरेलू बाजार में सोयाबीन और सोयामील की कीमतों में जो अप्रत्याशित और आक्रामक तेजी देखी गई, उसने बाजार समीकरणों को पूरी तरह से पलट दिया है। वर्ष 2021 के बाद पहली बार भारतीय निर्यातकों ने 25,000 टन सोयामील निर्यात के सौदे रद्द कर दिए हैं। यही नहीं, ऊंची मांग को देखते हुए अफ्रीकी देशों से करीब 80,000 टन सोयाबीन आयात के सौदे किए गए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि नई फसल आने तक आपूर्ति सीमित रहने के कारण इस साल कुल सोयाबीन आयात 8 लाख टन के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है। पृथ्वी फिनमार्ट के कमोडिटी शोध प्रमुख मनोज कुमार जैन ने कहा, घरेलू मोर्चे पर सरकार, उद्योग और व्यापारियों के बीच उत्पादन के आंकड़ों को लेकर गहरा विरोधाभास बना हुआ है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में सोयाबीन उत्पादन 125.96 लाख टन रह सकता है। रही-सही कसर इस साल अल नीनो की आशंका ने पूरी कर दी है। कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से प्रमुख सोयाबीन और खाद्य तेल उत्पादक देशों ने अपने जैव ईंधन के मिश्रण की अनिवार्य सीमा को आक्रामक तरीके से बढ़ा दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि खाद्य तेलों और सोयाबीन का बड़ा हिस्सा ईंधन बनाने में खप गया और बाजार में अचानक भारी आपूर्ति का संकट पैदा हो गया। सोयामील सोयाबीन से तेल निकालने के बाद बचा हुआ उत्पाद होता है। इसका इस्तेमाल पशु आहार के तौर पर होता है। घरेलू बाजार में सोयाबीन की कीमतें अचानक बढ़ने से सोयामील की कीमत 66,000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गईं।

## हिंदू-ईसाइयों की जमीन पर वक्फ के दावे से बढ़ा तनाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोच्चि

केरलम के कोच्चि सैकड़ों परिवारों में अपने घर और जमीन छिन जाने का भय गहराता जा रहा है। दरअसल, दो दिन पहले इस खुलासे के बाद यहां तनाव बढ़ गया है कि केरलम राज्य वक्फ बोर्ड ने 404 एकड़ जमीन उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कर दी है। इसके बाद करीब 600 हिंदू और ईसाई परिवारों में अपनी ही जमीन पर अवैध कब्जाधारी घोषित होने की आशंका बढ़ गई है। खुलासे से नाराज लोग अब विरोध सभाएं कर रहे हैं। लाउडस्पीकर से एनाउंसमेंट कर रहे हैं। गलियों में बैनर लगने लगे हैं। जगह-जगह प्रदर्शनों हो रहे हैं। कुल मिलाकर यह अब केरल के सबसे संवेदनशील और विस्फोटक मुद्दे में बदलता जा रहा है। वक्फ बोर्ड के अनुसार, 1950 में यह जमीन कथित वक्फ एंडोमेंट के तहत एक कॉलेज को दी गई थी। कॉलेज ने बाद में इसे बेच दिया। रजिस्ट्रेशन, टैक्स व निर्माण मंजूरियां भी दी गईं।

### वक्फ ने कहा-जमीन बेचने वाला जिम्मेदार

केरलम राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के. एस. हमजा ने कहा कि मुनंबम की जमीन वक्फ संपत्ति है, इसमें कोई विवाद नहीं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि आखिर वक्फ संपत्ति बेचने का जिम्मेदार कौन था।

भाजपा इसे वक्फ भूमि कब्जा की राजनीति के उदाहरण के रूप में पेश कर रही है। वर्तमान वक्फ बोर्ड का गठन पिछली एलडीएफ सरकार के दौरान हुआ था। अब यूडीएफ उसी सरकार को विवाद बढ़ाने के लिए जिम्मेदार ठहरा रही है। मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि अगर यूडीएफ सरकार बनी तो यह विवाद ह्य10 मिनट में ह्व सुलझा दिया जाएगा। अब स्थानीय लोग सवाल पूछ रहे हैं कि वह आश्वासन आखिर कहां गया। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा, ह्यहम पीढ़ियों से यहां शांति से रह रहे हैं। अब अचानक कहा जा रहा है कि यह जमीन किसी और की है। हमने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन हमें यह साबित करने के लिए लड़ना पड़ेगा कि हमारा घर हमारा ही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने दशकों पहले कानूनी तरीके से जमीन खरीदी थी। उन्होंने नियमित रूप से टैक्स भरा, सरकारी मंजूरियां लीं और कभी यह नहीं बताया गया कि जमीन वक्फ संपत्ति हो सकती है।

### ट्विशा केस- रिटायर्ड जज गिरिबाला की अग्रिम जमानत रद्द:

# ट्रायल कोर्ट ने केस डायरी और सबूत नहीं जांचे- हाईकोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने देर रात 17 पन्नों का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने कहा- मामले की गंभीरता, सबूत और जांच की स्थिति को देखते हुए आरोपी पक्ष को राहत देना उचित नहीं था।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने केस डायरी और साक्ष्यों का सही तरीके से परीक्षण नहीं किया। मृतक के शरीर पर चोटों के कई निशान थे, जिनका संतोषजनक जवाब आरोपी पक्ष नहीं दे सका। सरकार की ओर से महाधिवक्ता (अग्र) प्रशांत सिंह, ट्विशा के पिता की ओर से वकील सिद्धार्थ लूथरा और गिरिबाला सिंह की तरफ से वरिष्ठ वकील नित्या ने दलीलें रखी। सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। अब उइक गिरिबाला को कभी भी गिरफ्तार कर सकती है।

मामले में आरोपी बनाए गए पति समर्थ सिंह को अदालत में पेश करने के बाद सीबीआई ने अपनी हिरासत में ले लिया है। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेजा है। इसके बाद एजेंसी उससे लगातार पूछताछ कर रही है।

### 12 मई की रात हुई थी ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत

12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। 24 मई को भोपाल अक्क्टर में दिल्ली अक्क्टर की टीम ने ट्विशा की डेड बॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शाम को मौत के 12 दिन बाद भदभदा श्मशान घाट में ट्विशा का अंतिम संस्कार किया गया। भाई मेजर हर्षित ने उन्हें मुखाग्नि दी।



### आरोपियों ने ट्विशा की छवि खराब करने की कोशिश की

हाईकोर्ट कोर्ट ने कहा कि आरोपी पक्ष ने जांच में पूरा सहयोग भी नहीं किया। आरोपी ने मीडिया में बयान देकर ट्विशा की छवि खराब करने की कोशिश की, जो जांच को प्रभावित करने वाला व्यवहार माना जा सकता है। मामले की जांच उइक को सौंप दी गई है, इसलिए जांच एजेंसी को पक्षकार बनाना जरूरी है।

### चोटें केवल शव को नीचे उतारने के दौरान नहीं आई थीं

कोर्ट ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि शरीर पर फांसी के अलावा अन्य चोटों के निशान भी पाए गए थे। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार ये चोटें केवल शव को नीचे उतारने के दौरान नहीं आई थीं। इसी बिंदु को अदालत ने मामले में महत्वपूर्ण माना और कहा कि इन परिस्थितियों में गहन जांच की आवश्यकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि ट्विशा शर्मा के परिवार और अन्य गवाहों के बयानों में स्पष्ट रूप से आरोप लगाए गए हैं कि सास और पति उस पर गर्भपात का दबाव डाल रहे थे। साथ ही दहेज की मांग और मानसिक प्रताड़ना के आरोप भी लगातार सामने आए हैं।

### कोर्ट ने फैसले में क्या कहा?

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ट्रायल कोर्ट ने यह मान लिया था कि केवल विवाह के सात साल के भीतर हुई मौत के आधार पर अग्रिम जमानत खारिज नहीं की जा सकती। ट्रायल कोर्ट ने यह भी माना था कि आरोपी पक्ष ट्विशा के खाते में पैसे भेजता था। व्हाट्सऐप चैट्स में मुख्य शिकायत पति के खिलाफ दिखाई देती है। इन्हीं आधारों पर अग्रिम जमानत दी गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड और सबूतों की गहराई से जांच करने पर अलग तस्वीर सामने आती है।

### आखिर में क्या बोला हाईकोर्ट?

अपने अंतिम आदेश में हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता, उपलब्ध साक्ष्य और जांच की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 15 मई 2026 को दी गई अग्रिम जमानत न्यायोचित नहीं थी। इसी के साथ कोर्ट ने 10वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल द्वारा दिया गया अग्रिम जमानत आदेश रद्द कर दिया और दोनों याचिकाएं स्वीकार कर लीं।

### हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत पर क्या-क्या कहा ?

- जमानत देना मामले की गंभीरता के हिसाब से सही नहीं था।
- ट्रायल कोर्ट ने केस डायरी और साक्ष्यों पर ठीक से विचार नहीं किया।
- आरोपी पक्ष चोटों का सही जवाब नहीं दे पाया।
- आरोपी पक्ष ने जांच में पूरा सहयोग नहीं किया।
- मीडिया में बयान देकर ट्विशा की छवि खराब करने की कोशिश।
- पोस्टमॉर्टम में फांसी के अलावा भी चोटें मिलीं।
- ये चोटें सिर्फ शव उतारने से नहीं हो सकतीं।
- गवाहों ने गर्भपात का दबाव और दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए।
- अग्रिम जमानत केवल खास हालात में दी जानी चाहिए।

### CBI और राज्य सरकार की दलीलें

- गर्भावस्था के बाद पति और सास ने ट्विशा पर चरित्र को लेकर शक किया।
- गर्भपात कराने का दबाव बनाया गया, जिसका उल्लेख व्हाट्सऐप चैट्स में है।
- ट्विशा ने अपने परिवार को लगातार मानसिक प्रताड़ना की जानकारी दी थी।
- आरोपी प्रभावशाली हैं और जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।
- मामले की गंभीरता को देखते हुए हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

### ट्विशा के पिता के वकील की दलीलें

- व्हाट्सऐप चैट्स में स्पष्ट है कि ट्विशा को मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी।
- पति गर्भ में पल रहे बच्चे पर शक करता था और गर्भपात का दबाव डालता था।
- ट्विशा ने कई बार मायके ले जाने की गुहार लगाई थी।
- परिवार को जांच और घटना की पूरी जानकारी नहीं दी गई।
- ट्रायल कोर्ट ने केस डायरी और महत्वपूर्ण साक्ष्यों पर ठीक से विचार नहीं किया।
- CCTV फुटेज से छेड़छाड़ और जल्दबाजी में जमानत देने का आरोप।

# तनाव के बाद फिर खुलेगा भारत-चीन व्यापार का रास्ता, 7 साल बाद लिपुलेख दर्रे से तकलाकोट जाएंगे भारतीय व्यापारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा पर 2020 के गलवान संघर्ष के बाद बंद हुआ लिपुलेख व्यापार मार्ग अब फिर खुलने जा रहा है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से 300 व्यापारियों की सूची विदेश मंत्रालय को भेजी गई है। बिना वीजा-पासपोर्ट के ट्रेड पास के जरिए व्यापारी तिब्बत के तकलाकोट बाजार तक पहुंचेंगे। खास बात यह है कि इस बार पहली बार सीमा तक सड़क पहुंचने से सामान घोड़े-खच्चरों की बजाय वाहनों से जाएगा।

सदियों पुराने इस व्यापारिक रास्ते का इतिहास सिर्फ कारोबार नहीं, बल्कि हिमालयी सभ्यताओं के रिश्तों से भी जुड़ा है। कभी तिब्बती व्यापारी याक और भेड़ों के काफिलों के साथ नमक, ऊन और बोरेक्स लेकर भारत आते थे, जबकि भारतीय व्यापारी कपड़ा, अनाज और मसाले तिब्बत ले जाते थे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह सिलसिला लंबे समय तक बंद रहा, फिर 1991 में दोबारा शुरू हुआ और अब गलवान तनाव के बाद फिर पटरी पर लौट रहा है। इस बार व्यापार खुलने का असर सिर्फ कारोबार तक सीमित नहीं माना जा रहा। आदि कैलाश यात्रा से पहले ही सीमांत



इलाकों की अर्थव्यवस्था में हलचल बढ़ी है, अब व्यापार शुरू होने से ब्यास, दारमा और चौंदास घाटी के लोगों को रोजगार और आय की नई उम्मीद दिख रही है। भारत और चीन के बीच रिश्तों में हाल के कूटनीतिक प्रयासों के बीच इसे भरोसे और संवाद बहाली के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि लिपुलेख क्षेत्र को लेकर नेपाल की आपत्तियां और पुराना सीमा विवाद अब भी इस पूरे इलाके को रणनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील बनाए हुए हैं। चीन का तकलाकोट शहर जिसे बुरंग टाउन भी कहा जाता है, हमेशा से भारतीय व्यापारी चीन में पहुंचकर इसी शहर में अपनी दुकाने लगाते रहे हैं।

### जून के पहले हफ्ते में शुरू हो सकता है व्यापार

विदेश मंत्रालय और चीनी प्रशासन की सहमति के बाद व्यापारियों का पहला काफिला जून के पहले या दूसरे सप्ताह में रवाना हो सकता है। परंपरागत तौर पर यह व्यापार हर साल जून से सितंबर तक सीमित अवधि के लिए संचालित होता रहा है। विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। व्यापारियों को निवास प्रमाण पत्र और पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करने होंगे। हर व्यापारी के साथ एक सहायक को भी जाने की अनुमति मिलेगी, जिसके लिए अलग बॉर्डर ट्रेड पास जारी किया जाएगा। व्यापार संचालन के लिए गुंजी में अस्थायी ट्रेड कार्यालय, कस्टम चौकी और बैंकिंग सुविधा विकसित की जा रही है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, संचार, परिवहन और चिकित्सा सेवाओं की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन का कहना है कि सीमा व्यापार शुरू होने से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी।

### पहली बार सड़क आधारित मॉडल में बदलेगा व्यापार

अब तक लिपुलेख दर्रे से होने वाला कारोबार पूरी तरह पारंपरिक ढुलाई व्यवस्था पर निर्भर था। व्यापारी धारचूला से गुंजी, कालापानी और नाभीढांग होते हुए कई दिन की कठिन यात्रा कर दर्रे तक पहुंचते थे। सामान घोड़े-खच्चरों, याक और पोर्टरों के जरिए ढोया जाता था। खराब मौसम और भूस्खलन कई बार व्यापार रोक देते थे।

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र को 5 नाम भेजे:सुप्रीम कोर्ट जज नियुक्त करने की सिफारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त करने के लिए पांच नामों की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी है। इनमें चार हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और एक वरिष्ठ महिला वकील शामिल हैं। कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण पल्ली और वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना के नाम भेज हैं।

यह सिफारिश 22 और 27 मई को हुई कॉलेजियम बैठकों के दौरान की गई हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना की नियुक्ति से सुप्रीम कोर्ट में महिलाओं की भागीदारी मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ एक महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना हैं। अगस्त 2021 के बाद से किसी महिला की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति नहीं हुई है। अभी सुप्रीम कोर्ट में 32 जज हैं। जून में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस पंकज मित्तल के रिटायर होने के बाद दो और पद खाली हो जाएंगे। केंद्रीय कैबिनेट ने 5 मई को सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार संसद के अगले सत्र में इससे जुड़ा विधेयक पेश करेगी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद 1956 के कानून में संशोधन किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 124(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने का अधिकार संसद के पास है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोले- तेहरान को डील करनी ही पड़ेगी

# ईरान ने होर्मुज में अमेरिकी टैंकर पर गोलीबारी की: अमेरिका की भी जवाबी फायरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरानी नौसेना ने बुधवार रात एक अमेरिकी टैंकर पर फायरिंग की। ईरान का दावा है कि ये जहाज होर्मुज से गुजरते समय अपना रडार बंद करके जा रहा था। तस्नीम न्यूज एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। इसके बाद अमेरिकी सेना ने बंदर अब्बास पोर्ट के पास एक खाली इलाके में जवाबी फायरिंग की। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। अमेरिका ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को लगा था कि वह बातचीत से पीछे हट जाएंगे, लेकिन अब तेहरान के पास समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, ह्यईरान को लगा था कि वे मुझे इंतजार करवाकर थका देंगे। उन्हें लगा कि मेरे सामने मिडटर्म चुनाव हैं, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है। ईरान अब सिर्फ समझौता करना चाहता है ॿ

ईरान ने दावा किया कि अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शुरुआती समझौता ड्राफ्ट तैयार हुआ है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग बहाल करने और अमेरिकी सैन्य मौजूदगी घटाने का प्रस्ताव शामिल है। व्हाइट हाउस ने ईरानी मीडिया की शांति समझौते वाली रिपोर्ट को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया। अमेरिका ने कहा कि दोनों देशों के बीच किसी भी तरह का आधिकारिक ड्राफ्ट तैयार नहीं हुआ है। दक्षिणी लेबनान में इजराइल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई और 40 घायल हुए। लगातार हमलों के बीच लोगों में दहशत है और बड़े पैमाने पर पलायन जारी है।

ईरान ने लंबे कूटनीतिक प्रयासों के बाद जुलाई 2025 से हिरासत में रखे गए 10 भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया। सभी नाविक जल्द भारत लौटेंगे और फिलहाल सुरक्षित बताए गए हैं।

इजराइल ने गाजा में हवाई हमले में हमास सैन्य शाखा के नए कमांडर मोहम्मद ओदेह को मारने का दावा किया। हमला गाजा सिटी की रिहायशी इमारत पर कई महीनों की निगरानी के बाद किया गया।

### ट्रम्प बोले- मुस्लिम देश अब्राहम समझौते में शामिल हों, तभी ईरान वार्ता आगे बढ़ेगी

मध्य-पूर्व की राजनीति पर बोलते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन अब्राहम समझौते में शामिल नहीं होते, तो अमेरिका ईरान डील को आगे नहीं बढ़ाएगा। वहीं, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका कूटनीतिक रास्ता अपनाना चाहता है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने ईरान को आतंकवाद का बड़ा समर्थक भी बताया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भी ट्रम्प ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ता है और यहां किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। ट्रम्प ने कहा कि दुनिया के सभी जहाजों को यहां से गुजरने की आजादी होगी। ट्रम्प ने कहा कि हम इस पर नजर रखेंगे, लेकिन इसे कोई कंट्रोल नहीं करेगा। ईरान इसे कंट्रोल करना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र है। ओमान को भी बाकी देशों की तरह व्यवहार करना होगा, नहीं तो हमें उसे उड़ा देना पड़ेगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ट्रम्प ने साफ कहा कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उनका कहना है कि अगर ईरान के पास परमाणु हथियार आया तो वह उसका इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी यही बात दोहराई और कहा कि अमेरिका पहले बातचीत से हल निकालना चाहता है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार कभी नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर कई बड़े और सख्त बयान दिए हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अभी ईरान के साथ समझौता कर सकता है, लेकिन अगर डील पूरी तरह अमेरिका की शर्तों के मुताबिक नहीं हुई तो कोई समझौता नहीं होगा। ट्रम्प ने दावा किया कि हालिया तनाव और कार्रवाई के बाद ईरान काफी कमजोर हो चुका है। उनके मुताबिक, ईरान की नौसेना और वायुसेना को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान की अर्थव्यवस्था भी बुरी हालत में है। वहां महंगाई बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है और देश की मुद्रा की कीमत लगातार गिर रही है।



### बांग्लादेश में ट्रम्प नाम के भैंसे की कुर्बानी पर रोक, नेशनल जू भेजा गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका



बांग्लादेश में डोनाल्ड ट्रम्प नाम से मशहूर सफेद भैंसे की ईद पर कुर्बानी पर रोक लगा दी गई। इस भैंसे की सबसे खास बात उसके सिर पर मौजूद सुनहरे बालों का गुच्छा है, जो काफी हद तक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हेयरस्टाइल जैसा दिखता है। इसी वजह से लोगों ने मजाक-मजाक में उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प रख दिया था।

करीब 700 किलो वजन वाला यह भैंसा सोशल मीडिया पर अचानक बहुत मशहूर हो गया। इसकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल होने लगे। लोग दूर-दूर से सिर्फ इस अनोखे भैंसे को देखने के लिए फार्म पर पहुंचने लगे। बच्चे, परिवार और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स उसके साथ फोटो और वीडियो बनाने लगे।

ईद से पहले इस भैंसे को कुर्बानी के लिए बेच दिया था। लेकिन जैसे-जैसे इस सफेद भैंसे की लोकप्रियता बढ़ती गई, वैसे-वैसे सरकार और प्रशासन का ध्यान भी उसकी तरफ गया।

लोगों की भारी भीड़ फार्म पर जमा होने लगी, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। इसके बाद बांग्लादेश सरकार ने आखिरी समय में फैसला लिया कि इस दुर्लभ भैंसे की कुर्बानी नहीं होने दी जाएगी।

बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की कि भैंसे को बचाकर ढाका के नेशनल जू भेजा जाएगा। गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने अधिकारियों को इस जानवर को सुरक्षित रखने का आदेश दिया। सरकार ने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने कुर्बानी के लिए यह भैंसा खरीदा था, उसे उसके पूरे पैसे वापस किए जाएंगे।

ढाका के केरानीगंज पुलिस स्टेशन के अधिकारी मोहम्मद रूहुल कुद्दुस ने बताया कि पशुपालन विभाग ने पुलिस से संपर्क कर इस भैंसे को सुरक्षित रखने की मांग की थी। अधिकारियों का मानना है कि यह भैंसा अभी जवान है और कई साल तक जिंदा रह सकता है।

अब इस भैंसे को बांग्लादेश नेशनल जू में रखा गया है। जू प्रशासन ने उसके लिए अलग बाड़ा तैयार किया है और उसकी देखभाल के लिए खास कर्मचारी भी लगाए गए हैं। जू के क्यूरेटर अतीकुर रहमान ने बताया कि भैंसे को फिलहाल दो हफ्ते तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। इसके बाद आम लोग उसे जू में देख सकेंगे। बांग्लादेश में सफेद या एल्बिनो भैंसे बेहद दुर्लभ माने जाते हैं। वहां ज्यादातर काले रंग के जानवर ही देखने को मिलते हैं।

## इजराइली इतिहासकार बोले- नेतन्याहू राष्ट्रवाद के सबसे बड़े दुश्मन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

चर्चित इतिहासकार युवाल नोआ हरारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इजराइल के इतिहास में नेतन्याहू से बड़ा इजराइली राष्ट्रवाद का दुश्मन कोई नहीं रहा। उन्होंने देश को अंदर से बांट दिया और लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प और उनके जैसे नेताओं की सोच यह है कि कमजोर हमेशा ताकतवर के सामने घुटने टेक दे, तभी शांति बनी रहेगी। यह अनैतिक और मूर्खतापूर्ण है क्योंकि इससे हर देश अपनी ऊर्जा सिर्फ हथियारों पर खर्च करेगा।



# पाकिस्तान में 9 इस्लामिक जगहों के नाम नहीं बदलेंगे, हिंदू-सिख दौर का नाम रखा जाना था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मरियम नवाज सरकार ने लाहौर की सड़कों, चौकों और इलाकों के पुराने नाम बहाल करने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। सरकार जिन नामों को बहाल करना चाहती थी, उनमें कई हिंदू और सिख दौर के नाम शामिल थे।

सरकार ने यह कदम कट्टरपंथी समूहों और सोशल मीडिया पर बढ़ते विरोध के बाद उठाया। कुछ लोगों ने इसे हिंदू और सिख पहचान वापस लाने की कोशिश बताते हुए धार्मिक रंग दे दिया था। लाहौर के डिप्टी कमिश्नर कैप्टन (रिटायर्ड) मोहम्मद अली एजाज ने पाकिस्तानी अखबार डॉन से कहा कि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। 16 मार्च को लाहौर हेरिटेज एरियाज रिवाइवल की बैठक हुई थी। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने की थी। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज भी इसमें शामिल थीं। इसी बैठक में लाहौर के कई पुराने प्री-पार्टिशन नाम बहाल करने का प्रस्ताव पास किया गया।





यह योजना लाहौर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को फिर से सामने लाने के लिए बनाई गई थी। बाद में मई में मरियम नवाज कैबिनेट ने भी इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी थी। नवाज शरीफ का कहना था कि हमें यूरोप से सीख लेनी चाहिए। वे ऐतिहासिक नामों से छेड़छाड़ नहीं करते हैं। मरियम का कहना था कि लाहौर का इतिहास ही इसकी पहचान है। पुराने नाम और इमारतें इसका सबूत हैं। यह पूरा प्रोजेक्ट लाहौर अथॉरिटी फॉर हेरिटेज रिवाइवल के तहत चलाया जा रहा था। यह कई अरब पाकिस्तानी रुपए का प्रोजेक्ट है।

### कट्टरपंथियों ने इसे धार्मिक मुद्दा बना दिया

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ कट्टरपंथी तत्वों और सोशल मीडिया व्लॉगर्स ने इस फैसले पर मुख्यमंत्री मरियम नवाज का खुलकर विरोध किया। उन्होंने सरकार पर हिंदू और सिख नाम वापस लाने का आरोप लगाया और इसे धार्मिक मुद्दा बना दिया। सरकार को डर था कि इस मुद्दे पर बड़ा राजनीतिक और सामाजिक विवाद खड़ा हो सकता है। इसी वजह से प्रशासन ने फिलहाल फैसला टाल दिया। विरोध के बाद इतिहासकारों, शहरी योजनाकारों, आर्किटेक्ट्स और दूसरे विशेषज्ञों की एक बैठक भी बुलाई। इसमें लाहौर की पुरानी पहचान और ऐतिहासिक नामों को बचाने पर चर्चा हुई। सरकारी बयान के मुताबिक, बैठक में मौजूद ज्यादातर लोगों ने माना कि लाहौर की ऐतिहासिक पहचान बहुमूल्य विरासत है और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाया जाना चाहिए।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. देवर्षि, देवमुनि-3
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | क | दो | यु | ला | प | व | रे | ली | झ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | व | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | व | न | पु | क | र | ल | ग | थी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | बा |
| क | ग | थो | तें | व | ज | ज | द | शा | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | वें | प | रु |
| थो | त | सा | वि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पप्पू अपनी पत्नी से-
अच्छा ये बताओ 'बिदाई' के समय तुम
लड़कियां इतनी रोती क्यों हो?
पत्नी- 'पागल' अगर तुझे पता चले...
अपने घर से दूर ले जाकर कोई तुमसे 'बर्तन मंजवाएगा' तो तू क्या नाचेगा...

0000000000

जज : घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर : साहब, आपकी नौकरी अच्छी है, और सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?

0000000000

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गयी
और तू यहीं पर बैठा है'
पप्पू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया'

0000000000

पति- पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...!
मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी
बस इसी से काम चला लो..

0000000000

टीचर- टिटू बताओ..
अकबर ने कब तक शासन किया था ?
टिटू- सर जी..
पेज नंबर 14 से लेकर
पेज नंबर 22 तक..।

0000000000


## रंग भरकर चित्र बनाओ



# तीन महीने से युद्ध की तपन झेलती दुनिया

**28 फरवरी को ईरान पर घातक हवाई हमले शुरू हुए थे। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर ईरान के शीर्ष नेतृत्व को अपने रास्ते से हटा दिया, पर इससे उनकी जीत की राह आसान नहीं हुई। ईरान मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। खाड़ी के देशों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। इस युद्ध ने दुनिया को समस्याओं का एक ऐसा त्रासद रूप दिखाया है कि जिसकी कल्पना भी पहले संभव न थी। बीते तीन महीने में दुनिया में क्या और कितना बदला है,**

ईरान-अमेरिका युद्ध ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। सबसे ज्यादा प्रभाव तेल और गैस की कीमतों पर पड़ा है। ये दोनों उत्पाद आधुनिक जीवन के आधार हैं। इन उत्पादों की मांग यथावत बनी हुई है, पर आपूर्ति का संकट भी लगातार कायम है। भारत में देखें, तो शुरू में रसोई गैस की परेशानी सबसे ज्यादा देखी गई थी और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि शुरू हुई है। अनुमान यही है कि यह वृद्धि आने वाले दिनों में जारी रहने वाली है। 28 फरवरी को अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया था। उसके बाद के समय से दुनिया में काफी कुछ बदल गया है। अपने भारत को देखें, तो यह तेल के आयात पर निर्भर देश है। यह 80 प्रतिशत से भी ज्यादा कच्चे तेल का आयात करता है, तब यहां वाहन दौड़ते हैं और अर्थव्यवस्था चलती है। चूंकि होर्मुज समुद्री मार्ग में तेल के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, इसलिए भारत दुनिया के ऐसे बड़े देशों में शुमार है, जहां अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक असर पड़ा है। तेल के बिना काम नहीं चल सकता, तो भारत भी तेल की वैकल्पिक व्यवस्था करने में लगा हुआ है। भारत कच्चे तेल के लिए खाड़ी के देशों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर था, लेकिन अब रूस और तेल के अन्य आयातकों के साथ भारत ने तालमेल बिठा रखा है। खासकर रूस अपने मित्र देश भारत के लिए एक बड़े तेल निर्यातक के रूप में उभरा है। रूस के अलावा हम अब वेनेजुएला से भी तेल ले रहे हैं। खाड़ी के देशों में संकट ज्यादा बढ़ा, तो आने वाले समय में भारत के लिए तेल की वैकल्पिक व्यवस्था और आवश्यक हो जाएगी।




## और बंट गई दुनिया

तीन महीने के युद्ध में पहली बार नाटो देश इतने बंटे हुए दिखे। हालांकि, इसकी शुरूआत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने टैरिफ वार से पिछले ही वर्ष कर दी थी। ट्रंप की धारणा थी कि सारे देश अमेरिका से फायदा उठाते हैं। फायदा उठाने वालों में दुश्मन देश भी हैं और मित्र देश भी। जब ट्रंप ने टैरिफ के एक ही डंडे से सबको हांकने की कोशिश की, तब नाटो में मनमुटाव हो गया। टैरिफ पर अमेरिका ने मित्र देशों को भी नहीं छोड़ा और उनके साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता को आगे बढ़ाया। अपने हित में सौदा करना अमेरिका का लक्ष्य रहा। इसी का नतीजा है, अमेरिका जब ईरान के खिलाफ युद्ध में कूदा, तब किसी भी यूरोपीय या सभी नाटो देशों ने मिलकर अमेरिका का साथ नहीं दिया। ऐसा विभाजन नाटो में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कभी दिखाई नहीं दिया था। नाटो दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत सुरक्षा गठजोड़ है, लेकिन ईरान युद्ध ने इस गठजोड़ को बिखेर दिया।

## पिछड़ता रुपया

27 फरवरी 91.299
27 मार्च 94.643
27 अप्रैल 94.751
19 मई 97.160
25 मई 95.578

## उद्योग जगत पर असर

ईरान के युद्ध से भारत के साथ ही, दुनिया में उद्योग जगत पर बहुत असर हुआ है। खपत घटी है। मैन्युफेक्चरिंग में कमी आई है। भारत सहित अनेक देशों का निर्यात घटा है, तो आयात भी प्रभावित हुआ है। रोजगार में भी कमी आई है। आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में छंटनी देखी गई है। भारत की बात करें, तो ईरान युद्ध के एक महीने बाद ही अनेक स्थानों से मजदूरों ने पलायन किया था, क्योंकि उन्हें रसोई बनाने के लिए सिलेंडर बहुत ज्यादा कीमत पर मिलने लगा था। रसोई गैस की कीमत बढ़ने से गरीब आदमी का पूरा बजट ही बिगड़ जाता है। ऐसा ही दुनिया के अनेक देशों में हुआ है। लोगों की जीवनशैली और दिनचर्या में बदलाव आया है। अनेक देशों में आर्थिक गतिविधियां घटी हैं, जिससे महंगाई बढ़ रही है।

## तेल का मोल सब जान गए

कोई दोराय नहीं, पहली बार इतने प्रत्यक्ष रूप से यह देखा गया है कि दुनिया तेल और गैस पर कितनी ज्यादा निर्भर है। खाड़ी देशों को भी अपने रणनीतिक महत्व का पता चला है। ईरान ने अपने इस महत्व का इस्तेमाल भी खूब किया है। ईरान अच्छे से जानता था कि जब वह होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित करेगा, तो इसका असर दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। तेल की किल्लत और कीमत की वजह से दुनिया की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होंगी। ईरान ने होर्मुज मार्ग पर जब अपने पहरे को कड़ा किया, तब अमेरिका को भी पहली बार ईरान की इस ताकत का एहसास हुआ। निश्चित ही अमेरिका ने ऐसी कल्पना नहीं की थी।

होर्मुज समुद्री मार्ग पर ईरान की ताकत और नियंत्रण का कोई माकूल जवाब अमेरिका के पास नहीं है। ईरान ने ताकत के जोर पर यह संदेश दुनिया को दे दिया कि होर्मुज मार्ग ईरान का है। ऐसा पहली बार हुआ, जब ईरान ने कहा कि जो भी जहाज होर्मुज पार करके जाएंगे, उन्हें धन चुकाना पड़ेगा। ऐसा कोई शुल्क पहले नहीं था और यही माना जा रहा था कि होर्मुज मार्ग सबका है, उसमें आने-जाने में किसी को कोई बाधा नहीं होनी चहिए।

## सैन्य क्षमता का सच सामने आया

एक धारणा थी कि खाड़ी के तमाम देश अमेरिका की मदद करेंगे और युद्ध ज्यादा भड़क जाएगा। इन तीन महीनों में यह दिखाई दिया कि अगर आपके पास सैन्य क्षमता हो, तो आप बड़ी ताकतों से भी लड़ सकते हैं। यह सबसे बड़ा संदेश ईरान ने दिया है। अगर आपके पास छोटे मिसाइल हों, ड्रोन टेक्नोलॉजी हो, तो आप किसी भी बड़ी सैन्य सत्ता से दो-दो हाथ कर सकते हैं। ईरान जैसी छोटी या मध्यम शक्ति ने अमेरिका को मजबूर कर दिया। ईरान ने साबित कर दिया कि युद्ध में अपने शीर्ष नेतृत्व को गंवाने के बावजूद जवाब देने की ताकत उसमें है। यह तमाम देशों के लिए सबक है। यह धारणा रही है कि अमीर देशों के पास ताकत है, वो जो चाहे कर सकते हैं। खाड़ी के देशों में भी अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, उसे इजरायल का भी पूरा साथ मिला, लेकिन दोनों मिलकर भी ईरान से नहीं जीत पाए हैं। ध्यान देने की बात है, दुनिया एकध्रुवीय ही रही है। अमेरिका एक ऐसी शक्ति रहा है, जो संसार के किसी भी जगह अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। लड़ाई के जो साजो-सामान अमेरिका के पास हैं, उतने किसी भी देश के पास नहीं हैं। न रूस के पास और न चीन के पास। इसके बावजूद ईरान में युद्ध तीन महीने से चल रहा है, इससे अमेरिका को निश्चित ही चिंता हो रही होगी। उनके पास जो हथियार हैं, खत्म हो रहे हैं, चूक रहे हैं। यह एक वजह है कि ट्रंप विराम की तलाश में हैं। अमेरिका ने इस लड़ाई में 2.7 अरब डॉलर से ज्यादा फूंक दिए हैं, लेकिन उसे वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। उसके 24 से 40 एयरक्रॉफ्ट इस युद्ध में नष्ट हुए हैं।

## चीन का मनोबल बढ़ा

यह देखने वाली बात है, चीन इस युद्ध में सीधे शामिल नहीं हुआ है, लेकिन उसे यह महसूस हो रहा होगा कि ऐसी लड़ाई में वह उन्नीस नहीं, बीस तो जरूर साबित होगा। पहली बार चीन के विशेषज्ञ लिखने लगे हैं कि अब समय आ गया है, चीन दखल देना शुरू करे। चीन ने बड़े पैमाने पर पैसे विदेश में लगा दिए हैं। उसने पाकिस्तान में पैसे लगाए हैं, अफ्रीका में लगाए हैं, लातिन अमेरिका में लगाए हैं, तो उसे अपने निवेश को बचाना होगा। जब आप किसी देश में पैसे लगा देते हैं, तब उसकी सुरक्षा आप कैसे करेंगे? आपकी मौजूदगी ही उस देश में आपके निवेश को डूबने से बचा सकती है।

## 20% तक घटी तेल-गैस आपूर्ति

पश्चिम एशिया में युद्ध से दुनिया में गैस-तेल की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कमी आई। भारत में एक समय 40 प्रतिशत आपूर्ति प्रभावित हुई थी। ज्यादातर देशों को जरूरत भर के तेल की व्यवस्था करना भारी पड़ रहा है। आपूर्ति में ऐसी कमी कभी नहीं आई थी। दुनिया के ज्यादातर देश मितव्ययिता के लिए मजबूर हो गए हैं। कई देशों को कच्चे तेल के लिए 55 प्रतिशत से भी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

■ वर्ष-12 अंक-204 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 28 मई, 2026

### सुभाषितानि

सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमत् मनुष्यो ह्यात्मकामो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं॥

**भावार्थ** : जय सत्य का होता है, असत्य का नहीं। दैवी मार्ग सत्य से फैला हुआ है। जिस मार्ग पे जाने से मनुष्य आत्मकाम बनता है, वही सत्य का परम् धाम है।

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः कथ्यते बुधैः॥

**भावार्थ** : 'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं।


## सम्पादकीयम्

## पेट्रोल-डीजलस्य मूल्यानि :

भारतं सौर-वायु-ऊर्जा-क्षेत्रे द्रुतगतिना प्रगतिम् करोति; अधुना नवीकरणीय ऊर्जा देशस्य कुलविद्युत् उत्पादनक्षमतायाः आर्धाधिकं भवति-विशेषतः २६२.७ जीडब्ल्यू-इत्येतत्। परन्तु सौर-उद्योगः अत्यावश्यकघटकानाम् कृते चीनदेशस्य उपरि निर्भरः एव अस्ति। अपि च, अतिरिक्तशक्तिसञ्चयस्य कार्यक्षमतां वर्धयितुं क्षमताविकासाय च प्रयत्नाः अवश्यं निर्दिशेयुः। पेट्रोल-डीजलस्य मूल्यानि : 'बचतेन राष्ट्रियप्रगतिः प्रवर्तते...'–पीएम मोदी इत्यस्य ईंधनसंरक्षणस्य आह्वानस्य जनसमूहः कथं प्रतिक्रियाम् अददात्? आधारभूतसंरचनायाः आवश्यकता : ईवी-इत्यस्य विषये २०२५ तमे वर्षे अभिलेखविध्वंसकं २३ लक्षं विद्युत्वाहनानि विक्रीताः; तथापि ते कुलवाहनविक्रयमात्रायाः केवलं ८% भागं भवन्ति स्म। चीन-यूरोप-देशयोः तुलने भारतं ईवी-अनुमोदने पृष्ठतः अस्ति, मुख्यतया चार्जिंग-अन्तर्निर्मितस्य अभावात्। पश्चिम एशियायां संकटेन आयातेषु अत्यधिकनिर्भरतायाः सह सम्बद्धाः निहितजोखिमाः तीव्ररूपेण प्रकाशिताः सन्ति। फलतः भविष्ये यदि अन्यः तैलसंकटः उत्पद्यते तर्हि वयं एतादृशे अनिश्चितस्थितौ न भवामः इति सुनिश्चित्य अस्माकं ऊर्जा-टोकरी-विविधतायाः तत्कालीन-आवश्यकता वर्तते यद्यपि कारपूलिंग्, गृहात् कार्यं इत्यादयः उपायाः किञ्चित् तत्कालं राहतं दातुं शक्नुवन्ति तथापि देशे दीर्घकालीनसमाधानस्य आवश्यकता वर्तते।

### अमेरिकादेशात् संचारमाध्यमेभ्यः सम्भाष्य

## अभिजीतदीप्के इत्यनेन दावितं यत् सः स्वपरिवारेण सह नित्यं धमकीः




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

पुलिस-अधिकारिणः वदन्ति यत् एतत् पदं जनसमूहस्य निमार्णं वा अस्मिन् विषये उत्पद्यमानस्य तनावपूर्ण-स्थितेः उद्भवं वा निवारयितुं सावधानतारूपेण गृहीतम्, यत् सम्प्रति सामाजिक-माध्यमेषु प्रचलति। परन्तु अमेरिकादेशात् संचारमाध्यमेभ्यः सम्भाष्य अभिजीतदीप्के इत्यनेन दावितं यत् सः स्वपरिवारेण सह नित्यं धमकीः प्राप्यन्ते। सः अपि अवदत् यत् तस्मै एकः भिडियो अपि प्रेषितः यस्मिन् केचन व्यक्तिः तस्य निवासस्थानं प्रति गच्छन्ति इति कथयन्ति इति श्रूयते।

मराठी-समाचार-चैनेल्-सङ्गठने वदन् दिप्के-पिता भगवान दिप्के इत्यनेन उक्तं यत् सः गतदिनद्वयं यावत् निद्रां कर्तुं असमर्थः अस्ति, पुत्रस्य सुरक्षायाः विषये च अतीव चिन्तितः अस्ति। तस्य माता अनिता दिप्के अपि स्वपुत्रस्य सुरक्षितरूपेण गृहं प्रत्यागन्तुं इच्छां प्रकटितवती। इदानीं अभिजीतदीपकेन दावितं यत् तस्य इन्स्टाग्राम-अकाउण्ट्-हैक-करणस्य प्रयासः कृतः, यदा तु भारते कानूनी-अनुरोधस्य अनन्तरं तस्य एक्स-अकाउण्ट्-इत्यस्य प्रतिबन्धः कृतः समूहस्य जालपुटम् अपि अवरुद्धं वा प्रतिबन्धितं वा इति कथ्यते।

एतस्य सम्पूर्णस्य विवादस्य मध्ये राजनैतिकवाक्पटुता अपि तीव्रताम् अवाप्तवती अस्ति। केन्द्रीयमन्त्री सुकान्तमजुमदारः दावान् अकरोत् यत् भाजपा-सङ्घस्य सामाजिक-माध्यम-अनुयायिनां ४९ प्रतिशतं जनाः पाकिस्तान-देशस्य सन्ति, यदा तु केवलं ९ प्रतिशतं भारतस्य सन्ति। परन्तु सः अस्य दावस्य प्रमाणार्थं सार्वजनिकरूपेण किमपि प्रमाणं न प्रकाशितवान्। इदानीं राजीवचन्द्रशेखरः तत् सीमापारं प्रभावकार्यक्रमः इति उक्तवान्। दिल्लीभाजपानेता ताजिन्दर बग्गा सामाजिकमाध्यमेषु अस्य समूहस्य उल्लेखं पाकिस्तानजनतापार्टी इति कृतवान्।

तस्य प्रतिक्रियारूपेण अभिजीतदीप्के इत्यनेन एक्स इत्यत्र एकं विडियो साझां कृतम्, यत्र सः प्रतिपादितवान् यत्-तस्य इन्स्टाग्राम-प्रेक्षकाणां आँकडानुसारं-तस्य ९४ प्रतिशताधिकाः अनुयायिनः भारतस्य सन्ति। भारतीययुवकाः पाकिस्तानी इति किमर्थं लेबलं क्रियन्ते इति सः प्रश्नं कृतवान्। इदानीं तेलुगुदेशमपक्षस्य-केन्द्रसर्वकारस्य मित्रपक्षस्य नेतारः तुल्यकालिकरूपेण मृदुतरं वृत्तिम् अङ्गीकृतवन्तः। आन्ध्रप्रदेशे दलस्य प्रदेशाध्यक्षः पल्लश्रीनिवासरावः अवदत् यत् अस्य आन्दोलनस्य माध्यमेन युवानां चिन्तानां अवगमनस्य आवश्यकता वर्तते, नीतीनां समीक्षा करणीयम् इति।

### ततः परं सम्पूर्णे

## भोपाल-देशे सम्पूर्णे मध्यप्रदेश-राज्ये च एतस्याः घटनायाः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

अस्मिन् गहनदुःखपूर्णे भावपूर्णे च क्षणे ट्विषायाः पिता नवनिधिशर्मा स्वस्य भावानाम् अङ्गीकारं कर्तुं न शक्तवान्; स्वपुत्रीं स्मरन् सः टिप्पणीं कृतवान् यत् सा केवलं तस्य कन्या एव नास्ति, अपितु कश्चन मातृवत् समग्रं कुटुम्बं पालयित्वा प्रत्येकं आनन्दं दुःखं च तेषां पार्श्वे तिष्ठति इति अस्य अन्तिमविदायाः अवसरे न केवलं शर्मा-परिवारस्य निकट-बन्धुजनाः अपितु बहूनां स्थानीयसामाजिककार्यकर्तारः, विभिन्नराजनैतिकदलानां वरिष्ठनेतारः, प्रशासनिकाधिकारिणः, सेवानिवृत्तसैन्यपदाधिकारिणः च भदभाडाविश्रमघाटे एकत्रिताः भूत्वा त्विषाशमार्याः हार्दिकश्रद्धांजलिम् अर्पितवन्तः, शोकग्रस्तपरिवाराय सान्त्वनां च अर्पितवन्तः।

उल्लेखनीयं यत्, ३३ वर्षीयः ट्विशा शर्मा-पूर्व-माडल-अभिनेत्री-भोपालस्य कटारा-पर्वत-क्षेत्रे स्वश्वशुर-निवासस्थाने मे-मासस्य १२ दिनाङ्के संदिग्ध-परिस्थितौ लम्बमानः अभवत्। ततः परं सम्पूर्णे भोपाल-देशे सम्पूर्णे मध्यप्रदेश-राज्ये च एतस्याः घटनायाः कारणात् व्यापकः आक्रोशः विवादः च उत्पन्नः अस्ति अस्याः दुःखदघटनायाः पश्चात् मृतायाः जन्मपरिवारस्य तस्याः श्वशुरस्य च मध्ये दीर्घकालं यावत् आरोपानाम्, प्रतिआरोपाणां च आदानप्रदानं जातम् यद्यपि जन्मपरिवारेण श्वशुराणां विरुद्धं गम्भीराः आरोपाः कृताः- दहेज-उत्पीडनम्, मानसिक-क्रूरता, हत्या इत्यादीनां गम्भीर-कानूनी-आरोपाणां आह्वानं कृत्वा-तदा रक्षा-श्वशुर-पक्षेण एतेषां सर्वेषां आरोपानाम् खण्डनं कृत्वा तस्य स्थाने दावाः कृताः यत् ट्विशा चिरकालात् मादकद्रव्यव्यसनेन, गम्भीर-मानसिक-दुःखेन च पीडिता आसीत्।

## भाजपा सांसदस्य पत्नी यू-टर्नं कृतवती : प्रारम्भे लिखितवती

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

स्तुति मिश्रा–पूर्व मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वि.डी. शर्मा–सामाजिकमाध्यमेषु प्रकाशितानां पोस्ट्-कारणात् शीर्षकं कुर्वती अस्ति। शनिवासरे प्रातःकाले सा वर्धमानमहङ्गानि, इन्धनमूल्यानि च इति विषये तीक्ष्णं व्यङ्ग्यं टिप्पणीं कृतवती, यत् स्वपङ्क्तौ आगच्छन्तं सर्वकारस्य उपरि आक्रमणम् इति व्यापकतया गृह्यते स्म परन्तु यथा एव एतत् पदं वायरल् अभवत् तथा च विपक्षः तत् राजनैतिकविषयत्वेन गृहीतवान् तथा एव स्तुतिमिश्रेण स्वस्य रुखं स्पष्टीकर्तुं तत्क्षणमेव यू-टर्न् निष्पादितम्। सा इदानीं स्वसमीक्षकाणां उपरि मेजं परिवर्तयति, प्रधानमन्त्रिणः आह्वानस्य, नागरिकानां नैतिकदायित्वस्य च सन्दर्भे अस्य विषयस्य रूपरेखां कृतवती अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : प्रोफेशनल चुनौतियों को कॉन्फिडेंस के साथ संभालें। आज आपको अपने काम को लेकर सावधान रहना चाहिए।

**वृषभ** : आज अपनी सेहत पर नजर रखें। आज दोपहर में पार्टनर को गिफ्ट्स से सरप्राइज देने के बारे में सोचें।

**मिथुन** : जो लोग सिंगल हैं, वे अपने एक्स-लवर के साथ असहमति सुलझने के बाद पुराने लव अे यर में वापस जा सकते हैं।

**कर्क** : आप ऑफिस में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज स्वास्थ्य और धन दोनों ही पॉजिटिव रहेंगे।

**सिंह** : ऑफिस में तनावपूर्ण स्थिति में भी शांत रहें। फाइनेंस और स्वास्थ्य दोनों अच्छे रहेंगे।

**कन्या** : आपको और आपके लवर दोनों को रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए बराबर मेहनत करनी चाहिए।

**तुला** : आज के दिन एक पेशेवर रूप से खास मौका आपका इंतजार कर रहा है। दोपहर तक धन के मामले में भी सब अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** : पैसों के मामले में स्मार्ट प्लान से आर्थिक तनाव को दूर करें। प्रोफेशनल चुनौतियों को कॉन्फिडेंस के साथ संभालें।

**धनु** : सुरक्षित वित्तीय निवेश करने पर विचार करें। आज के दिन स्वास्थ्य भी आपका अच्छा रहेगा।

**मकर** : आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी। छोटी-मोटी पैसों की दिक्कतों के बावजूद, रोजमर्रा की जिंदगी पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**कुंभ** : आपकी सेहत अच्छी रहेगी। आप अनुशासन की मदद से प्रॉब्लम से उबर सकते हैं।

**मीन** : घर और ऑफिस में तनाव से बचें। योग और ध्यान आपको अपनी भावनाओं को कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

### ज्योतिष/वास्तु

## केतु नक्षत्र गोचर से किन राशि वालों की चमकेगी किस्मत और किसे मिलेगी टेंशन

केतु का नक्षत्र गोचर कुछ राशियों के लिए शुभ रहेगा और कुछ को सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती हैं। आइए सभी 12 राशियों पर इसका प्रभाव जानत हैं।

केतु 29 मई 2026 को सुबह 10 बजकर 16 मिनट पर मघा नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं। यह नक्षत्र परिवर्तन 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में केतु को रहस्यमयी और अचानक लाभ देने वाला ग्रह माना गया है। मान्यता है कि, इसका प्रभाव जीवन में अप्रत्याशित बदलाव और मान-सम्मान लेकर आता है। इसलिए केतु गोचर ज्योतिष शास्त्र में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में जाना जाता है। यही कारण है कि, केतु का यह नक्षत्र पद गोचर कुछ राशि वालों के आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के संकेत दे रहा है, वहीं कुछ लोगों को मानसिक तनाव, उलझन और रुकावटों का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में मघा नक्षत्र में केतु का यह परिवर्तन सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा, आइए जानते हैं।

**मेष राशि-** केतु नक्षत्र परिवर्तन मेष राशि वालों के व्यापार को प्रभावित कर सकता है। यह समय आपके सोचने के तरीके में बदलाव ला सकता है। इसके अलावा नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। खर्च बढ़ने के संकेत हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों को मन में बेचैनी और भ्रम की स्थिति जैसी महसूस होगी। किसी पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। हालांकि, छात्रों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ रहेगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों को केतु गोचर से लाभ होने की संभावनाएं हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के मामले में भी यह समय राहत देने वाला हो सकता है। धन लाभ होने के योग बनेंगे।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को सावधानी रखने की आवश्यकता रहेगी। पारिवारिक मामलों में धैर्य बनाए रखना जरूरी रहेगा। इसके अलावा मानसिक तनाव के कारण नींद प्रभावित हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों का भाग्योदय होने की संभावनाएं हैं। केतु का प्रभाव आपकी राशि पर सबसे अधिक देखने को मिल सकता है। किसी मनचाही यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने के योग है। दोस्तों के साथ रिश्ता मजबूत होगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों का धार्मिक कार्यों की ओर झुकाव बढ़ेगा। अचानक खर्च या धन हानि की स्थिति बन सकती है। व्यापार विस्तार की योजनाएं सफल होंगी। नए लोगों से मिलेंगे। कोई जीवन में दस्तक भी दे सकता है।

**तुला राशि-** केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन आपको नई योजनाओं से लाभ दिला सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। इसके अलावा तुला राशि वालों को पुराने निवेश या पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि-** ज्योतिषियों के अनुसार, स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी अच्छे से निभाएंगे। नौकरी में विदेशी कंपनियों से नए अवसर मिल सकते हैं। यह समय भाग्य का साथ दिलाने वाला साबित हो सकता है।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के नौकरीपेशा लोगों को सफलता मिल सकती है। काम के सिलसिले में यात्राएं लाभदायक साबित हो सकती हैं। परिवार संग आने वाला समय अच्छा बीतेगा।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में अच्छे परिणाम और सफलता के योग बन रहे हैं। प्रमोशन और वेतन वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वाले किसी भी कानूनी मामले को नजरअंदाज न करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होगी। किसी पुरानी बीमारी या दर्द से राहत मिल सकती है। हालांकि, धन लाभ भी हो सकता है।

**मीन राशि-** केतु का यह गोचर आपको प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने का काम करेगा। आर्थिक मामलों में कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर लें। पुराने रोगों से राहत मिलने के संकेत हैं। समय पर आराम करना जरूरी रहेगा।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में चाकू से कातिलाना हमला करने वाले आरोपी

**उज्जैन।** रविवार को राजीव रत्न कालोनी में घूरकर देखने की बात पर मोनू चौहान से विवाद करने वाले युवकों ने बीच-बचाव करने आये मोनू के भाई प्रेम पिता तिलक कुरवाडिया पर चाकू से कातिलाना हमला कर दिया था। प्रेम को 8 चाकू मारे गये थे, जिसके चलते वह गंभीर घायल हो गया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमला करने की धारा का प्रकरण दर्ज किया था। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि बुधवार को हमले में शामिल अरोपी यश पिता संजीव शिंदे निवासी इंदौर, कौशल उर्फ गोलू पिता रवि हटकर निवासी राजीव रत्न कालोनी और 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपितों को परिजन नाबालिग बता रहे थे, लेकिन कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाये। जिसके चलते चारों को दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। घायल पक्ष की ओर से भी आरोपी पक्ष के साथ मारपीट की गई थी। जिसके चलते दूसरे पक्ष से भी कुछ युवकों को चोंट लगी थी। उक्त घायलों की ओर से भी मामले में मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### प्रतापगढ़ में नहीं मिले ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले

**उज्जैन।** पांच दिन पहले नानाखेड़ा थाना पुलिस ने पल्सर बाइक पर सवार 2 युवकों को इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास पकड़ा था। जिनके पास 35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। पूछताछ में दोनों के नाम आफताब उर्फ राजा पिता अब्दुल खालिद खान 29 साल और देव पिता गोपाल श्रीवास 22 साल निवासी दमदमा सामने आये। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। दोनों ने राजस्थान के प्रतापगढ़ से ड्रग्स लाना कबूल किया था। पुलिस की एक टीम प्रतापगढ़ पहुंची थी, जहां ड्रग्स उपलब्ध कराने वालों की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। दोनों आरोपित युवकों का कहना था कि वह ड्रग्स देने वाले को नाम से नहीं जानते है। सिर्फ प्रतापगढ़ में कुछ ठिकानों पर मिलते थे। एसआई शशिकांत गौतम ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों का पता नहीं मिले और दोनों आरोपितों का रिमांड खत्म होने पर बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजे के आदेश होने पर केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

### मकडावन में 36 घंटे बाद मिली लापता हुई बालिका

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने 36 घंटे में ग्राम मकडावन से बुधवार को दस्तयाब कर लिया। बालिका के सुरक्षित मिलने पर उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि बालिका के परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। बालिका के मिलने पर वह काफी गुमसुम थी। जिसके चलते उसके बयान महिला अधिकारी के माध्यम से दर्ज कराये जायेगें। उसके बाद जो तथ्य सामने आयेगें, उसके आधार पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी। थाना प्रभारी ने संभावना जताई है कि बालिका को युवक अपने साथ ले गया था। बालिका के बयान दर्ज होने पर मामले में धारा बढ़ाई जा सकती है और आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है। बालिका को तलाश करने में सायबर टीम के एसआई प्रतिक यादव, थाना एएसआई नरेन्द्र भूरिया, भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक संजीव नेम, आरक्षक जार्जसिंह पाल और ललित राठौर का सहयोग रहा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 679-2 | 290-1 |
| मेन बाजार | 560-1 | 467-7 |
| मिलन डे | 236-1 | 179-7 |
| मिलन नाइट | 450-9 | 389-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 9 | 0 |

### अफवाहों से दूर रहने की अपील, ईदगाह पर मुख्य नमाज

# ईद-उल-अजहा से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा आज मनाया गया। उससे पहले बुधवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर पुलिस का सायरन गूंजा और शांतिपूर्ण, सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण किया। सभी थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस वाहनों के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन, व्यापारियों के साथ नागरिकों से संवाद कर पर्व को अपासी भाईचारे, शांति, सौहार्द्र और सुरक्षित वातावरण में मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को अफवाहो से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशन प्रसारित नहीं करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल संबंधित थाना पुलिस को देने निर्देश दिये। शहर में फ्लैग मार्च एएसपी (शहर) आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में निकाला गया। जिसमें सीएसपी नानाखेड़ा श्वेता गुप्ता, सीएसपी जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति, माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे, कोतवाली सीएसपी दीपक मरावी अपने क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ संवेदनशील क्षेत्रों से लेकर प्रमुख मार्गो से गुजरे। ग्रामीण क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने अनुविभागीय अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे और कानून व्यवस्था का पालन करना था। उज्जैन पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। पर्व के दौरान जिले में लगातार गश्त, पेट्रोलिंग एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे आमजन निर्भीक होकर पर्व मना सकें।

### थानों पर आयोजित की गई बैठक

ईद-उल-अजहा पर्व से पहले शहर और ग्रामीण थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वर्तमान और पूर्व पार्षद, हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ लोग शामिल हुये। इस दौरान पर्व को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने और कानून व्यवस्था का पालन करने की समझाईश दी गई। दोनों समुदाय ने त्यौहारों को सौहार्द्र वातावरण में मनाने की बात कहीं।

### सुबह 7.30 बजे हुई मुख्य नमाज

ईद-उल-अजहा की मुख्य नमाज आज सुबह 7.30 बजे ईदगाह पर अता की गई शहरकाजी खलीकुर्रहमान ने बताया कि मुख्य नमाज अता होने के बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अता कराई गई। शहर की सभी मस्जिदों में सुबह 8.30 बजे तक नमाज अता करा ली गई। पुलिस प्रशासन ने भी मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवानों की ड्युटी तय कर दी है।

# नलियाबाखल में देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

देर रात नाजिया बाखल में चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम रूम के सामने हंगामा किया। तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

रविशंकर नगर में रहने वाला मोहित पिता प्रेम नारायण 18 वर्ष दोस्त हर्ष का जन्मदिन होने पर रात में अंगारेश्वर मंदिर दर्शन करने गया था जहां से वह हर्ष और आदी के साथ वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में मोहित के पास जतिन नमक युवक का कॉल आया और मोहित अपने दोनों दोस्तों के साथ नालियाबाखल पहुंच गया। जहां मोहित को 4 से 5 युवकों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ चाकू मारना शुरू करती है। मोहित को उसके दोनों दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन मोहित लहुलुहान हो गया। दोनों दोस्त एक्टिवा से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत डॉक्टर ने गंभीर होना बताई और चेकअप शुरू किया लेकिन दोनों दोस्त उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बॉडी चरक अस्पताल पोस्टमार्टम का खिलाई गई जहां दर्जनों की संख्या में मोहित के दोस्त और परिजन एकत्रित हो गए। काफी देर तक हंगामा किया गया और परिजन विलाप करते रहे। मामले की जानकारी लगते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया, कोतवाली थाना प्रभारी दीनबंधु सिंह तोमर अपनी टीम के साथ पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। परिजनों को समझाया गया और बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई गई। बताया जा रहा है कि मोहित का कुछ दिन पहले भी नलियाबाखल में रहने वाले युवकों से विवाद हुआ था उसी रंजिश में धोखे से बुलाकर उसे पर चाकू से हमला किया गया। चाकू मारने वाले नाबालिग बताई जा रहे हैं।

# अतिक्रमण टीम पर वृद्धा ने फेंकी लाल मिर्च

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

खाचरौद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर छत से वृद्धा द्वारा लाल मिर्च फेंकने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला 8 दिन पुराना बताया जा रहा है। वृद्धा के मिर्ची पावडर फेंकने के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकना पड़ गई थी।

बताया जा रहा है कि खाचरौद के घिनौदा में मांगीलाल पाटीदार का मकान बना हुआ है। जिसे निर्माण के दौरान अतिक्रमण कर लिया था। ग्राम पंचायत घिनौदा सचिव चंद्रभानसिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर 8 दिन पहले आरआई भगवानसिंह, पटवारी धर्मेन्द्र चौहान के साथ पुलिस टीम और अतिक्रमण हटाने वाली टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान मांगीलाल और उसकी पत्नी सजनबाई को अतिक्रमण हटाने के लिये कहा गया, लेकिन वह नहीं माने। टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की तो सजनबाई ने छत पर आकर लाल मिर्ची पावडर फेंकना शुरू कर दिया। जिसके चलते कार्रवाई रोकना पड़ गई। अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम के साथ हुई घटना का 8 दिन बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। मामले में पंचायत सचिव का कहना था कि मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। वहीं खाचरौद थाना एसआई सुधीर शर्मा का कहना था कि फिलहाल मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

# सुसाइड नोट छोड़ टाईल्स व्यवसायी ने लगाई फांसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

टाईल्स दुकान का संचालन करने वाले व्यवसायी की बुधवार सुबह दुकान में जंजीर के फंदे से लाश लटकी मिलना सामने आया। रातभर घर नहीं लौटने पर सुबह परिजन तलाश करते हुए दुकान पहुंचे थे। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसकी जांच की जा रही है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सुबह दो तलाब के पास टाईल्स दुकान में संचालक अक्षांश पिता संतीश जैन 35 साल का शव लोहे की जंजीर के फंदे पर लटका होने की खबर मिली थी। पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि अक्षांश जैन वेदनगर का रहने वाला था। रात 11 बजे के लगभग खाना खाने के बाद दुकान पर कुछ काम से जाने का बोलकर निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा, सुबह उसके नहीं लौटने पर भाई अमित जैन ने मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन मोबाइल पर बात नहीं हो पाई। भाई तलाश करते हुए दुकान पहुंचा तो दुकान का ताला खुला हुआ था और शटर बंद था। शटर उठाने पर अक्षांश लटका दिखाई दिया। थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का सामने आया। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसे जप्त कर जांच में लिया गया है। परिवार घटनाक्रम के बाद काफी स्तब्ध और गमगीन था, जिसके चलते बयान दर्ज नहीं हो पाये है। अक्षांश एक बच्चे का पिता था।

**रात 11 बजे निकला था घर से, जंजीर से लटका मिला शव**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com